आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14675

जोधपुर, जयपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 22 : अंक 293 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com

जोधपुर, बुधवार, 15 जुलाई, 2026

www.Lokvarta.net

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सख्त एक्शन

# कानून-व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

## दो आरपीएस एवं एक जेल सेवा अधिकारी पर गिरी गाज



- महिला बंदी सुधार गृह की उपाधीक्षक निलंबित
- एक आरपीएस पर सीसीए नियम 16 में कार्रवाई तथा एक के विरूद्ध विभागीय जांच में आरोप प्रमाणित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लगातार एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अनियमितता एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर राजस्थान पुलिस सेवा के दो अधिकारियों एवं जेल सेवा की एक अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई की मंजूरी दी है। जेल सेवा की अधिकारी को निलंबित करने तथा एक आरपीएस अधिकारी के विरूद्ध सीसीए नियम 16 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई तथा एक के विरूद्ध विभागीय जांच किए जाने की अनुमति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने महिला बंदी सुधार गृह, जयपुर में पदस्थापित उपाधीक्षक सरोज विश्नोई को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय जयपुर से भरतपुर किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। सरोज विश्नोई के विरूद्ध प्राप्त परिवाद में बताया गया था कि वे सुधार गृह की एक महिला बंदी को अपने साथ रखती थी और उस महिला बंदी का कार्यालय के कार्यों में हस्तक्षेप था। साथ ही, विश्नोई द्वारा पैसे लेकर बंदियों को नियम विरूद्ध सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने की भी शिकायत थी। मुख्यमंत्री ने जोधपुर पुलिस आयुक्तालय में पदस्थापित सहायक पुलिस आयुक्त, साइबर क्राइम देरावर सिंह के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के तहत अनुशासनिक कार्यवाही के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

देरावर सिंह ने पुलिस थाना कामां, डीग में पुलिस निरीक्षक के पद पर पदस्थापित रहते हुए अपने पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरती। हत्या जैसे गंभीर अपराध में आठ में से केवल एक अभियुक्त को अनुसंधान में दोषी मानते हुए सात अभियुक्तों को बचाने का प्रयास किया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने आरपीएस अधिकारी लाभुराम विश्नोई के विरूद्ध आरोपों को प्रमाणित मानते हुए विभागीय जांच रिपोर्ट का अनुमोदन किया है। लाभुराम विश्नोई ने पुलिस थाना चौथ का बरवाड़ा जिला सवाईमाधोपुर क्षेत्र में बनास नदी में बजरी माफियाओं के विरूद्ध कार्रवाई के दौरान अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई से संबंधित निर्देशों की अवहेलना की, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई और स्वयं सहित पुलिस जाब्ते की जान को जोखिम में डाला। साथ ही, कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों के साथ कोई समन्वय भी नहीं किया। मुख्यमंत्री द्वारा किए गए इन निर्णयों से प्रशासनिक कार्यों में जवाबदेही तय होने के साथ ही कार्मिकों की कार्यशैली में पारदर्शिता एवं दक्षता आएगी।

### भ्रष्टाचार एवं कदाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति

## दहेज उत्पीड़न के मामले में दोषी चिकित्सा अधिकारी को नौकरी से हटाया


**राजस्थान सिविल सेवा के 2 अधिकारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि रोकी**

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार भ्रष्टाचार एवं कदाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत रिश्वतखोरी, दहेज उत्पीड़न, पद के दुरुपयोग करने एवं राजकीय दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं करने जैसे मामलों में सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में, दहेज उत्पीड़न के प्रकरण में एक चिकित्सा अधिकारी के विरुद्ध धारा 498-ए एवं 406 भारतीय दण्ड संहिता में दोष सिद्ध होने पर उन्हें राजकीय सेवा से पदच्युत करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने राजस्थान सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम-16 के अन्तर्गत 2 प्रकरणों में सेवारत अधिकारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने तथा एक सेवानिवृत्त पशु चिकित्सा अधिकारी की 20 प्रतिशत पेंशन हमेशा के लिए रोकने का फैसला किया। इसी प्रकार, सीसीए नियम 34 में रिव्यू के 5 प्रकरणों में विभिन्न अधिकारियों की याचिकाओं को खारिज करते हुए दण्डादेश यथावत रखे गए हैं। मुख्यमंत्री ने आपराधिक प्रकरणों में आरोपियों की मदद करने के बदले रिश्वत मांगने के एक प्रकरण में तत्कालीन वृत्ताधिकारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा 19 तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के प्रावधान के अन्तर्गत अभियोजन स्वीकृति जारी की है।

इसी प्रकार, भीलवाड़ा के तत्कालीन सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी, वृत्त-ए राकेश खोईवाल के खिलाफ सीसीए नियम 16 के अंतर्गत विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने राजकीय कीमती भूमि को नीलामी के बजाय खांचा भूमि के रूप में आवंटन करने के प्रकरण में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के विरूद्ध अखिल भारतीय सेवाएं (अनुशासन एवं अपील) नियम 1969 के नियम 8 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की मंजूरी भी प्रदान की।

## संक्षिप्त खबरें




### ऑपरेशन सिंदूर के बाद 10 लाख करोड़ की डिफेंस डील

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा खरीद का पैटर्न तेजी से बदला है। पिछले 14 महीनों में मंजूर रिकॉर्ड प्रस्तावों से संकेत मिलता है कि सेना को अब सिर्फ सीमित जवाबी कार्रवाई के लिए नहीं, बल्कि लंबी और मल्टीलेवल वॉर के लिए तैयार किया जा रहा है। डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल ने संघर्ष के बाद से 55 प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिनकी कुल कीमत 9.80 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है। यह रकम एक साथ खर्च नहीं होगी, बल्कि कई साल में अलग-अलग सौदों, निर्माण कार्यक्रमों और आधुनिकीकरण योजनाओं पर लगेगी। तैयारी की पहली वजह ये है कि युद्ध छिड़ना अब सामान्य बात होती जा रही है। दूसरे, जंग छिड़ने के बाद उसे रोकना आसान नहीं रह गया है और तीसरी बात दुश्मन की कोशिश यह होती है कि लंबी और आर्थिक रुप से चोट पहुंचाने वाले सैन्य संघर्ष को जारी रखा जाए। नए प्रस्ताव में लक्ष्य महीनों तक हथियार, मरम्मत में तेजी और रसद बनाए रखना है। रक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया के लंबे संघर्षों ने भारत की सैन्य सोच बदली है।

### हाफिज सईद के खिलाफ जम्मू कोर्ट से गैर-जमानती वारंट जारी

**श्रीनगर।** जम्मू की स्पेशल कोर्ट ने मंगलवार को लश्कर-ए-तैयबा चीफ हाफिज सईद के खिलाफ पहलगाम केस में गैर-जमानती वारंट जारी किया। कोर्ट ने कहा कि निष्पक्ष जांच के लिए हाफिज को हिरासत में लेकर पूछताछ करनी होगी। कोर्ट ने 8 जुलाई को आदेश जारी किया था, जानकारी मंगलवार को सामने आई है। इससे पहले 6 जुलाई को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पहलगाम हमले को लेकर सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी। एजेंसी ने कहा था कि बैसरनघाटी में हुए आतंकी हमले की साजिश हाफिज सईद ने ही रची थी। एनआईए ने हाफिज पर भारत के खिलाफ जंग छेड़ने का आरोप लगाया है। 22 अप्रैल 2025 को आतंकवादियों ने पहलगाम में धर्म पूछकर लोगों की हत्या की थी। हमले में 26 टूरिस्ट मारे गए थे।

### दिव्यांगों पर टिप्पणी- कॉमेडियन समय रैना समेत 5 पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्टैंड-अप कॉमेडियन और यूट्यूबर समय रैना, रणवीर अलाहाबादिया, विपुल गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर, निशांत जगदीश तंवर पर 3 लाख रुपए जुर्माना लगाया है। अदालत ने दिव्यांगों पर विवादित टिप्पणी के केस में यह आदेश दिया है। इसकी सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने की। बेंच ने कहा कि हमारे आदेश के बावजूद रैना ने अपने शो पर किसी दिव्यांग को नहीं बुलाया। अदालत क्योर एसएमए इंडिया फाउंडेशन की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें रैना के शो पर स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी के इलाज के खर्च पर असंवेदनशील टिप्पणी करने और दिव्यांगों का मजाक उड़ाने का आरोप है।

## सुप्रीम कोर्ट का 3 लैंग्वेज पॉलिसी पर रोक से इनकार

**कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता-सुप्रीम कोर्ट**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन की थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता है।

साथ ही इसे लागू करने में आने वाली चुनौतियों को लेकर सरकार और सीबीएसई से 10 दिन में जवाब मांगा है। अब 14 दिन बाद 29 जुलाई को इस मामले में सुनवाई होगी।

दरअसल, थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी मौजूदा 2026-27 सेशन से लागू कर दी गई है। नई पॉलिसी के मुताबिक स्टूडेंट्स को 2 भारतीय भाषाएं पढ़नी होंगी। उन्हें वे भाषाएं छोड़नी पड़ेंगी, जिन्हें वे क्लास 5 से लगातार पढ़ रहे हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि सीबीएसई ने तैयारी के बिना तीन-भाषा नीति लागू कर दी है। स्कूलों में पर्याप्त टीचर, किताबें और जरूरी एकेडमिक इंफ्रा स्ट्रक्चर मौजूद नहीं है, जिससे स्टूडेंट-टीचर को परेशानी हो रही है। याचिकाकर्ताओं की तरफ से सीनियर एडवोकेट आनंद ग्रोवर, सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी और गोपाल शंकरनारायणन ने पैरवी की। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने सुनवाई की।

# प्रदेश के कई जिलों में बारिश

## अलवर और कोटपूतली-बहरोड़ में तेज बारिश



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में मंगलवार दोपहर बाद अलवर और कोटपूतली-बहरोड़ में तेज बारिश हुई। कोटपूतली के पावटा में बारिश के चलते सीएम का दौरा रद्द हो गया। विराट नगर विधायक कुलदीप धनखड़ ने बताया कि मौसम खराब होने के चलते सीएम का दौरा स्थगित किया गया। सीएम पीएमश्री जवाहर नवोदय स्कूल में लगे शहरी सेवा शिविर में हिस्सा लेने के लिए आने वाले थे। बारिश से बचने के लोग सिर पर कुर्सी रखकर बचते नजर आए। वहीं बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत मंच पर बैनर से बारिश से बचाव करते दिखाई दिए।

अलवर में सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया। इसमें कई गाड़ियां फंस गई। निचले इलाकों में दुकानों में पानी घुस गया।

मौसम विभाग ने 16 जुलाई को प्रदेश के अन्य हिस्सों में बारिश की एंट्री होने की उम्मीद जताई है। उदयपुर संभाग से बादलों का एंट्री करना ठीक रहा तो जाते हुए मानसून की बारिश अरावली के पहाड़ों को पार करके रेगिस्तानी इलाकों तक पहुंच जाएगी। इससे उदयपुर, सलूंबर, प्रतापगढ़, डूंगरपुर और बांसवाड़ा में बारिश हो सकती है।



### वांगचुक 17 दिन से अनशन पर

## सरकार बेपरवाह-कॉकरोच जनता पार्टी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल का मंगलवार को 17वां दिन है। उनकी सेहत लगातार बिगड़ रही है। वजन 8.5द्मद्द कम हो गया है। अनशन शुरू होने पर वजन 67 किग्रा था। वांगचुक नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी के मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर 28 जून से अनशन कर रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा, एक्टर नसीरुद्दीन शाह, रत्ना पाठक शाह, राइटर अरुंधति रॉय समेत कई प्रमुख हस्तियों ने सोनम से अनशन खत्म करने की अपील की है।कॉकरोच जनता पार्टी ने कहा कि सरकार को वांगचुक की कोई चिंता नहीं है। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि वांगचुक की जान को खतरा है। सरकार को मांगों पर ध्यान देना चाहिए।

## गुजरात के अंबाजी मंदिर में भी दान की चोरी



**अंबाजी।** राम मंदिर में चंदे की चोरी का मुद्दा देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी बीच गुजरात के प्रसिद्ध शक्तिपीठ अंबाजी मंदिर के खजाने में हुई चोरी का एक सीसीटीवी फुटेज वायरल है। हालांकि, यह फुटेज दो महीने पुराना है। इसमें आउटसोर्सिंग कर्मचारी नोटों का एक बंडल अपने पैरों के नीचे छिपाते नजर आ रहा है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी चिराग ठाकोर समेत तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया था। मंदिर ट्र्स्ट इनकी सेवाएं खत्म कर चुका है। फुटेज वायरल होने पर बनासकांठा कलेक्टर मिहिर प्रवीणकुमार पटेल ने भी बताया कि यह घटना 5 मई, 2026 की है। घटना सामने आते ही मंदिर ट्रस्ट ने स्नद्बक्र दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के बाद मंदिर के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया था।

### पेनल्टी कॉर्नर




### पटेला री पोल

कई मंदिरों में खुल गए, अब चढ़ावा चोरी के केस<br>
कोई चोर तो निकल जाता, चाहे कितने अच्छे फेस<br>
श्रद्धालु श्रद्धा भाव से, देते हैं अपनी गाढ़ी कमाई<br>
चोर ऐसे हड़प रहे चढ़ावा, है वे भगवान के जमाई

..मुखिया जी

# विधान सभा के वर्तमान और पूर्व विधायकों का समागम कार्यक्रम आज

## स्पीकर देवनानी ने अमृत उत्सव की तैयारियों का लिया जायजा






**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा में 75वें वर्ष पर बुधवार को वर्तमान और पूर्व विधायकों का समागम कार्यक्रम होगा। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को इस अमृत उत्सव के पहले कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। देवनानी ने कार्यक्रम स्थल और उससे संबंधित सभी व्यवस्थाओं को बारिकी से देखा। देवनानी ने मौके पर अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर से आने वाले पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष प्रबंध किये गये है। विशेष रूप से वरिष्ठ एवं वयोवृद्ध पूर्व विधायकों के प्रवास, उनके आवागमन, चिकित्सा संबंधी सभी व्यवस्थाएं की गई है। देवनानी ने कहा कि अमृत उत्सव का यह पहला कार्यक्रम है।

इस कार्यक्रम में विधान सभा के वर्तमान और पूर्व विधायक शामिल होंगे। पूर्व विधायकगण का मंगलवार से जयपुर पहुँचना आरम्भ हो गया है। जयपुर के सर्किट हाउस, डाक बंगला, विधायक आवास गेस्ट हाउस और पंचायतीराज संस्थान के गेस्ट हाउस में ठहरने की व्यवस्था की गई है। राजस्थान से निर्वाचित लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों को भी समारोह में आमंत्रित किया गया है। अमृत उत्सव की तैयारियां विधान सभा में जोर-शोर से चल रही है। शहर में अतिथियों के स्वागत में होर्डिंग लगाये गये है। राजस्थान विधान सभा भवन को अमृत महोत्सव की पूर्व संध्या पर रोशनी से सजाया गया है। देवनानी ने कहा कि विधान सभा में ऐसा कार्यक्रम पहली बार हो रहा है। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा।

## अमृत उत्सव का पहला कार्यक्रम, आतिथ्य सत्कार के पूरे प्रबंध

**समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति होंगे, उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष करेंगें**

देवनानी ने कहा कि समारोह में उप राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। लोकसभा अध्यक्ष उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। समारोह का शुभारम्भ बुधवार को प्रात: 10 बजे से होगा। समापन समारोह इसी दिन सांय 4 बजे होगा।

समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा अतिविशिष्ट अतिथि होंगे।

# अंतरराष्ट्रीय स्पेस मिशन में चयन एंजेल कंवर का सांसद चौधरी ने किया स्वागत

**सिरोही (हुक्मनामा समाचार)।** झाड़ोली के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल की छात्रा एंजेल कंवर का स्पेस किड्स चेन्नई के अंतरराष्ट्रीय मिशन शक्ति सैट में चयन होने पर जालोर सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी ने स्कूल जाकर बधाई दी।इस अवसर पर सांसद चौधरी ने कहा कि ये अपने अपने क्षेत्र वासियो के लिए बड़े ही गर्व की बात है कि अपने सिरोही जिले के छोटे से गांव की बच्ची का इसरो में चयन होना अपने लिए बड़ी उपलब्धि है। चौधरी ने कहा कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी और खासकर बेटियों के लिए अंतरिक्ष विज्ञान में करियर बनाने की राह खोलेगी।

नीति आयोग और इसरो के साथ मिलकर शक्तिसैट मिशन पिंडवाड़ा की 15 साल की लड़की एंजेल कंवर ने अपने मेंटोर शिक्षक चेतन कुमार प्रजापत के साथ मिलकर एक कठोर चयन प्रकिया पर कर सैटेलाइट बनाने के लिए चुना गया भारत के बढ़ते स्पेस इकोसिस्टम के लिए एक बड़ी कामयाबी में, पिंडवाड़ा ,सिरोही की 15 साल की स्टूडेंट एंजेल कंवर को -समर्थित शक्तिसैट मून मिशन के लिए चुना गया है, जो एक अंतरराष्ट्रीय स्पेस एजुकेशन प्रोग्राम है जो 108 देशों के स्टूडेंट्स को लूनर सैटेलाइट बनाने के लिए एक साथ लाएगा। राजस्थान की कक्षा 11 की छात्रा दुनिया के सबसे बड़े छात्र-नेतृत्व वाले उपग्रह मिशनों में से एक में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी, जहाँ प्रतिभागियों को अक्टूबर 2026 में नियोजित प्रक्षेपण से पहले अंतरिक्ष यान डिजाइन, उपग्रह इंजीनियरिंग और चंद्र मिशन विकास में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त होगा।



## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभागीय कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा



**फलौदी (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा लंबित कार्यों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए 30 दिनों से अधिक समय से लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रतिदिन संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की संतोषजनक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को समय पर राहत मिल सके। बैठक में अमृत 2.0, जल जीवन मिशन तथा कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग को क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश भी दिए गए। जिला कलक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को ब्लॉक स्तर के अधिकारियों एवं कार्मिकों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने तथा पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने को कहा।

# गडरा रोड की बेटी ज्योति ने राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग में रजत पदक जीतकर बनाई मिसाल

**गडरा रोड (हुक्मनामा समाचार)।** बाड़मेर गडरा रोड की बेटी (राजस्थान), सरहदी जिले जैसलमेर में सादी होने के बाद जिन्हें ज्योति चौहान के नाम से भी जाना जाता है ने अपनी मेहनत, हौसले और लगन से समाज की रूढ़ियों को तोड़ते हुए राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक हासिल किया है। दो बच्चों की मां और लेवल-2 शिक्षिका ज्योति ने हजारों ग्रामीण बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर साबित किया कि इच्छाशक्ति हो तो कोई भी बाधा सपनों को रोक नहीं सकती।

ज्योति गडरा रोड़ की रहने वाली हैं और वर्तमान में रामगढ़ में सादी हुई थीं और डाबला क्षेत्र में शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। शादी के बाद पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ उन्होंने पावरलिफ्टिंग की शुरुआत की। बचपन से आईपीएस अधिकारी बनने का सपना देखने वाली ज्योति शिक्षक बन गईं, लेकिन खेल के मैदान में उन्होंने नई पहचान बनाई।

**संघर्ष और सफलता की कहानी:-** स्वास्थ्य चुनौतियां: माइग्रेन और थायरॉइड जैसी बीमारियों से जूझती ज्योति ने डॉक्टर की सलाह पर जिम जाना शुरू किया। धीरे-धीरे फिटनेस का शौक पावरलिफ्टिंग में बदल गया। प्रशिक्षण: गो पावर यूनिवर्सल जिम में कोच प्रकाश श्रीपत के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत की। रोजाना घंटों अभ्यास, घरेलू जिम्मेदारियां और पढ़ाई का



संतुलन बनाया। उपलब्धियां: हाल ही में 14वीं राष्ट्रीय सीनियर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में रजत पदक और मास्टर्स वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 69 किलो भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। राज्य स्तर पर भी गोल्ड मेडल हासिल किए हैं।

## जिला कलक्टर ने उपखंड मुख्यालय पर जन सुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं सुनी



**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल ने मंगलवार को शिव उपखंड मुख्यालय पर विभागीय अधिकारियों एवं विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान प्रगतिरत एवं प्रस्तावित सोलर एवं विंड प्रोजेक्टस की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रोजेक्टस में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने शिव उपखंड मुख्यालय पर जन सुनवाई के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल ने शिव उपखंड मुख्यालय पर सोलर एवं विंड ऊर्जा की प्रगति की समीक्षा करते हुए शिव क्षेत्र में संचालित प्रगतिरत तथा प्रस्तावित परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कंपनियों से परियोजनाओं के क्रियान्वन में आ रही दिक्कतों, ट्रांसमिशन लाइनों, समयबद्ध पूरा होने की स्थिति और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने सोलर एवं विंड ऊर्जा प्रोजेक्टस की प्रगति की जानकारी लेते हुए कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े पहलूओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## चारभुजानाथ मंदिर में जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन कल

**सोजत (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय चारभुजानाथ मंदिर में 16 जुलाई को पारंपरिक जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा मंदिर परिसर में ही रात्रि 8 बजे से शुरू होगी। जगन्नाथपुरी की तर्ज पर, मंदिर परिसर में ही भगवान चारभुजा नाथ सहित विभिन्न देवी-देवताओं को सवारी में विराजमान कर रथ के माध्यम से चार धाम तीर्थ यात्रा करवाई जाएगी। इसमें जगन्नाथपुरी, रामेश्वरम, केदारनाथ और द्वारका धाम शामिल होंगे। रथयात्रा के पड़ावों के बीच भजन-कीर्तन का आयोजन होगा और ठाकुरजी को भोग लगाया जाएगा। इस दौरान देव प्रतिमाओं का सुंदर श्रृंगार भी किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों में ब्रह्मप्रकाश मूंदड़ा, नंदकिशोर अग्रवाल, हरिनारायण पाराशर, श्याम माहेश्वरी, बृजमोहन राठी, पुजारी ओमप्रकाश जोशी और राजेश जोशी सहित कई लोग जुटे हुए हैं।

## जिला सैनिक कल्याण अधिकारी शुक्रवार को बाड़मेर-बालोतरा के दौरे पर रहेंगे

**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** गौरव सेनानियों, वीरांगनाओं, वीर नारियों, आश्रितों तथा सेवारत सैनिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल डॉ. बलदेव सिंह मानव 17 जुलाई को बालोतरा एवं बाड़मेर जिले के दौरे पर रहेंगे। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल डॉ. बलदेव सिंह मानव ने बताया कि इस दौरान विभिन्न स्थानों पर गौरव सेनानियों एवं उनके परिजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी जाएंगी। इस दौरान जिन मामलों का मौके पर समाधान संभव होगा उनका तत्काल निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन प्रकरणों में संबंधित विभागों अथवा अभिलेखों के आधार पर कार्रवाई अपेक्षित होगी, उन्हें जिला सैनिक कल्याण कार्यालय स्तर पर विधिवत केस टेकअप कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला सैनिक कल्याण अधिकारी शुक्रवार को प्रात: 10 बजे कल्याणपुर, दोपहर 12 बजे सिणधरी, 1 बजे चवा एवं दोपहर 3 से सांय 7 बजे तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, बाड़मेर में उपस्थित रहेंगे। इसके उपरांत शनिवार को शेरगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने गौरव सेनानियों, वीरांगनाओं, वीर नारियों, आश्रित परिवारों तथा सेवारत सैनिकों से आग्रह किया है कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या, शिकायत अथवा प्रशासनिक कार्य करवाना हो तो निर्धारित स्थान एवं समय पर अपनी लिखित आवेदन-पत्र तथा आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित रहे।

## बाल संस्कार केन्द्रों के लिए अभ्यास वर्ग आयोजित मातृशक्ति ने संस्कारों के महत्व पर दिया जोर

**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा बाल संस्कार केन्द्रों के संचालन को लेकर पांच स्थानों पर नियत बैठक एवं अभ्यास वर्ग आयोजित किए गए। कार्यक्रम में प्रांत सेवा प्रमुख विजय लक्ष्मी छीपा ने बाल संस्कार केन्द्रों की आवश्यकता, उद्देश्य एवं संचालन की जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों में संस्कारों की नींव घर और मोहल्ले से ही पड़ती है तथा इसमें माताओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि मां ही बच्चे की प्रथम गुरु होती है, इसलिए बाल्यावस्था से ही अच्छे संस्कार देना आवश्यक है। जिला मातृशक्ति




संयोजिका सरिता कंवर ने संगठन की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए आगामी रक्षाबंधन कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक का संचालन जिला सत्संग प्रमुख आशा आसदेव ने किया। अभ्यास वर्ग में मधुबाला छीपा, मनीषा पालीवाल, मनीषा ओड, रविना, प्रियंका माली, भंवरी देवी, राजूकंवर, निशा सुथार सहित अनेक बहनों ने भाग लिया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# फलोदी थाना के नए थानाधिकारी नरेश कुमार निर्वाण ने संभाला पदभार अपराध नियंत्रण व जनविश्वास बढ़ाना रहेगी पहली प्राथमिकता

**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय पर पुलिस थाना फलोदी में नवनियुक्त थानाधिकारी नरेश कुमार निर्वाण ने मंगलवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाते हुए आमजन को सुरक्षित एवं भरोसेमंद पुलिसिंग उपलब्ध कराना रहेगा। थानाधिकारी निर्वाण ने बताया कि पदभार ग्रहण करने के बाद आमजन से प्राप्त फीडबैक में शहर की प्रमुख



समस्याओं के रूप में चोरी की घटनाएं, मादक पदार्थों की तस्करी तथा यातायात व्यवस्था सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए अपराधों पर अंकुश लगाया जाएगा और पुलिस की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) एवं जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप टीम भावना के साथ कार्य किया जाएगा। आमजन को त्वरित न्याय, सुरक्षा और सम्मानजनक व्यवहार उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर ऐसा माहौल बनाया जाएगा, जिसमें आमजन का पुलिस पर विश्वास मजबूत हो तथा अपराधियों में कानून का भय बना रहे।

कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर शहर के विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक एवं जागरूक वर्गों के प्रतिनिधियों ने थानाधिकारी नरेश कुमार निर्वाण का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान सभी ने शहर में बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा भी दिलाया। नवनियुक्त थानाधिकारी की सकारात्मक कार्यशैली और स्पष्ट प्राथमिकताओं से शहरवासियों में बेहतर पुलिसिंग एवं प्रभावी कानून-व्यवस्था को लेकर नई उम्मीद जगी है।

## मृतक मजदूर परिवार की सहायता को आगे आया मजदूर यूनियन संघ, 19 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान



**गडरा रोड (हुक्मनामा समाचार)।** मजदूर यूनियन संघ, गडरा रोड की मासिक बैठक रविवार को संघ के अध्यक्ष जगदीश बालाच की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संघ के कोषाध्यक्ष हिन्दाल खान, सचिव प्रभु देवा बालाच एवम सरंक्षक मंडल के सदस्य मोतीराम जयपाल सहित बड़ी संख्या में मजदूरों ने भाग लिया। इस दौरान भीम आर्मी के राजू रॉयल बालाच सहित सैकड़ों मजदूर भी उपस्थित रहे। बैठक में मापुरी निवासी अकाल मृत्युग्रस्त मजदूर के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए यूनियन संघ की ओर से ?19, हजार की नकद आर्थिक सहायता प्रदान की गई। साथ ही संघ ने भविष्य में भी पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान यूनियन संघ के सदस्य मदन बालाच ने सराहनीय पहल करते हुए मृतक के बच्चों के पालन-पोषण एवं शिक्षा में सहयोग के लिए अगले दो वर्षों तक प्रतिमाह ?1, हजार की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। उनके इस निर्णय का बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने तालियों के साथ स्वागत किया। बैठक में मजदूरों ने एकजुटता, सामाजिक सहयोग और जरूरतमंद परिवारों के साथ हर परिस्थिति में खड़े रहने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि मजदूर यूनियन संघ केवल श्रमिकों के अधिकारों के लिए ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों और मानवीय मूल्यों के प्रति भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

## तारबंदी योजना से मिली फसलों को सुरक्षा, वाली देवी बनीं किसानों के लिए प्रेरणा ग्रामीण सेवा शिविर में मिला 40 हजार रुपये का अनुदान



**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाएं किसानों के लिए राहत का माध्यम बन रही हैं। ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से पात्र किसानों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को पंचायत समिति पाटोदी की ग्राम पंचायत साजियाली रूपजी राजाबेरी में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में एक प्रेरणादायक सफलता की कहानी सामने आई। शिविर में तहसीलदार रुस्तम खान, मूली देवी, सीबीईओ हेमंत सोनी तथा कृषि पर्यवेक्षक रेखा कुमारी की उपस्थिति में कृषकों को विभिन्न योजनाओं के तहत वित्तीय स्वीकृतियां वितरित की गईं। ग्राम पटियाल चौसीरा निवासी वाली देवी पत्नी जुगताराम को कृषि विभाग की तारबंदी योजना के अंतर्गत 40 हजार रुपये का अनुदान प्रदान किया गया। लाभार्थी वाली देवी ने बताया कि अनुदान की सहायता से खेत की तारबंदी कराई गई, जिससे अब उनकी फसलें आवारा पशुओं से सुरक्षित हैं। इससे फसलों को होने वाले नुकसान में कमी आई है तथा खेती अधिक सुरक्षित और लाभकारी बन सकी है। उन्होंने कहा कि योजना से मिली आर्थिक सहायता ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने का संबल दिया है। उन्होंने अन्य किसानों से भी कृषि विभाग की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने और ग्रामीण सेवा शिविरों में पहुंचकर सरकारी योजनाओं से जुड़ने की अपील की।

**राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम**
कार्यालय मुख्य प्रबन्धक, ब्यावर आगार

**निविदा-सूचना**

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ब्यावर आगार में बस स्टेण्ड ब्यावर हेतु निविदा आंमत्रित की जानी है। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते निर्धारित राशि रूपये 200/- एवं जी.एस.टी सहित नकद जमा करवा कर निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय समय में प्राप्त कर सकते है। इच्छुक व्यक्ति/संस्था अपने प्रस्ताव 16.07.2026 को 14:00 बजे तक जमा करा सकते है। निविदा प्रस्ताव उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोलें जावेंगे। इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण निगम वेबसाईट http://transport.rajasthan.gov.in/rsrtc एवं SPPP पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

निविदा स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है।

UBN : RTC2627SSRC00344

राज.संवाद/सी/26/6926 विज्ञापन संख्या 154/2026-27 मुख्य प्रबन्धक

ADVT




## राज्य स्तरीय दैनिक

# हुकमनामा समाचार






**जयपुर • जोधपुर • अजमेर से प्रकाशित**



यदि आप पत्रकारिता, मीडिया या समाचार क्षेत्र से जुड़ना चाहते हैं तो आज ही जुड़ें राजस्थान के तेजी से उभरते समाचार पत्र **"दैनिक हुकमनामा समाचार"** के साथ।

- प्रिंट मीडिया
- डिजिटल न्यूज
- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म
- राजस्थान का मजबूत नेटवर्क

**विशेष रूप से आमंत्रित:**

**जालौर, सिरोही, फलोदी, पाली, बाड़मेर, जैसलमेर, बालोतरा**

जिले के आसपास के क्षेत्रों से

**संवाददाता एवं मीडिया प्रतिनिधि**




**संम्पर्क करें:**

- ☎ 0141-2220403
- 8824399949
- 9828011251

Website:

www.hukmnamasamachar.com



## दैनिक

# हुकमनामा समाचार




**हर खबर पर पैनी नजर**



# एसीडीओ की कर्मचारी विरोधी नीति से रेलकर्मियों में आक्रोश

## एनडब्ल्यूआरईयू का कैरिज डिपो में विरोध-प्रदर्शन

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जोधपुर रेल मंडल के एसीडीओ की कर्मचारी विरोधी नीति के विरोध में नार्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन की ओर से मंगलवार को कैरिज एंड वेगन डिपो में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद यूनियन प्रतिनिधिमंडल ने एसीडीओ को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। एनडब्ल्यूआरइयू के जोनल अध्यक्ष व मंडल सचिव मनोज कुमार परिहार ने बताया कि एसीडीओ की कर्मचारी विरोधी नीति के कारण कैरिज डिपो में कर्मचारी मानसिक तनाव में ड्यूटी कर रहे हैं। परिहार ने बताया महिला शौचालय, स्वच्छ पेयजल, कैंब्रिज डिपो में सफाई सहित कई मांगों पर एसीडीओ को अवगत करवाने के बावजूद एसीडीओ द्वारा निराकरण करने की बजाय कर्मचारियों से अमर्यादित भाषा में बात करते हैं। जिसके विरोध में एनडब्ल्यूआरइयू द्वारा कैंब्रिज डिपो में विरोध प्रदर्शन किया गया। सभा को संजय मीणा, सुनील टाक, बन्ने सिंह, मदनलाल गुर्जर, लाखन सिंह, अशोक सिंह मेड़तिया, अनुप त्रिवेदी, शरद जोशी, विजय सिंह धाभाई, ललित कुमार सुनारिया, आशीष खन्ना, मुकेश मीणा, नन्द किशोर, सी.एम. वर्मा, संदीप, दीपक धौलपुरिया एवं संदीप सिंह शेखावत ने संबोधित किया। वक्ताओं ने डिपो में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कर्मचारियों की जायज़ मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की। सभा का संचालन परमानन्द गुर्जर ने किया।

# जोधपुर आरटीओ ने की एक ही नंबर की दो बसें सीज



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर में एक ही नंबर की दो बसों के संचालित होने का मामला सामने आया है। परिवहन विभाग की ओर से इसको लेकर कार्रवाई की गई है। विभाग ने दोनों बसों को अलग-अलग थानों में खड़ा करवाया है। फिलहाल यह जांच की जा रही है कि कौन सी बस के नंबर प्लेट फर्जी हैं और किसके सही या दोनों के ही नंबर प्लेट फर्जी लगाए गए हैं। इन सभी पहलुओं को लेकर जांच की जा रही है।

आरटीओ इंस्पेक्टर अजय सागर ने बताया कि आज सूचना मिली थी कि एक ही नंबर से दो बस संचालित हो रही हैं। इसी को लेकर टीम की ओर से दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में कार्रवाई की गई। पहली कार्रवाई प्रताप नगर थाना क्षेत्र में की गई। जहां पर ग्रामीण रूट पर चलने वाली बस को जब्त किया गया है। उस बस पर जो नंबर प्लेट लगी हुई थी वही नंबर देवनगर थाना क्षेत्र में खड़ी एक बस पर भी पाए गए। दोनों बसों को थानों में खड़ा करवाया गया है। देवनगर थाने में सीज की बस के कागज नहीं पाए जाने पर मोटर व्हीकल (एमवी) एक्ट-207 में एएसआई ओमाराम ने सीज किया है। जांच में बस के नंबर प्लेट के आधार पर मालिक का नाम आवड़ दान चारण सामने आया है। फिलहाल दोनों बसों के कागजों को लेकर जांच की जा रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि दोनों ही बसों की नंबर प्लेट फर्जी लगाई गई या एक ही नंबर प्लेट से दो बसें चलाई जा रही थी। यह सब जांच में क्लियर हो सकेगा।

# सलमान के हिरण शिकार मामले में अधिवक्ताओं ने मांगा समय



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान हाईकोर्ट में बहुचर्चित कांकाणी हिरण शिकार के मामले में राज्य सरकार की लीव टू अपील एवं सलमान खान की ओर से दायर अपील पर सुनवाई हुई। इस दौरान जस्टिस कुलदीप माथुर की बेंच के समक्ष सैफ अली खान के अधिवक्ता सहित अन्य अधिवक्ताओं ने समय मांगा जिस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई चार सप्ताह के बाद मुकर्रर की गई है।

विश्नोई समाज की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता महिपाल विश्नोई ने कहा कि मामले में सुनवाई के दौरान मामले में समय मांगा गया जिस पर कोर्ट ने समय तो दिया लेकिन यह भी कहा कि आवश्यकता होने पर इस मामले से जुडे अभियुक्तों को हाजिर होने के लिए भी निर्देश दिए जा सकते हैं। गौरतलब है कि यह मामला वर्ष 1998 में जोधपुर जिले के कांकाणी क्षेत्र में कथित काले हिरण शिकार से जुड़ा है। गत 1-2 अक्टूबर 1998 की मध्यरात्रि को लूणी थाने में दर्ज प्रकरण में अभिनेता सलमान खान सहित सैफ अली खान, नीलम, तब्बू, सोनाली बेंद्रे और दुष्यंत सिंह को आरोपी बनाया गया था। मामले में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा 9/51 के तहत आरोप तय हुए थे।

**2018 में सुनाई गई थी 5 साल की जेल की सजा-** पांच अप्रैल 2018 को जोधपुर की सीजेएम कोर्ट ने सलमान खान को दोषी मानते हुए पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई थी, जबकि सह-आरोपी सैफ अली खान, नीलम, तब्बू, सोनाली बेंद्रे और दुष्यंत सिंह को बरी कर दिया गया था। सजा के खिलाफ सलमान खान ने जिला एवं सत्र न्यायालय में अपील दायर की थी, जहां से उन्हें जमानत मिल गई थी। बाद में उनकी अपील को हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने के लिए याचिका दायर की गई, जिस पर आदेश देते हुए 21 मार्च 2022 को मामला राजस्थान हाईकोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया।

# जिला कलेक्टर ने किया राज्य क्रीड़ा संस्थान का निरीक्षण



## शैक्षणिक अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

**जोधपुर( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर आलोक रंजन ने मंगलवार को राजकीय शारीरिक शिक्षा कॉलेज परिसर में स्थापित राजस्थान राज्य क्रीड़ा संस्थान (एसआईएस) का विस्तृत निरीक्षण कर विभिन्न निर्माण एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार मिश्रा तथा जिला खेल अधिकारी भरत सिंह गुर्जर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला कलक्टर ने बताया कि राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) पटियाला की तर्ज पर वर्ष 2022 में स्थापित राजस्थान राज्य क्रीड़ा संस्थान प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसके लिए राजकीय शारीरिक शिक्षा कॉलेज, जोधपुर की लगभग 96 बीघा भूमि एवं संपूर्ण आधारभूत संरचना वर्ष 2022 में खेल विभाग को हस्तांतरित की गई थी। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने संस्थान में विकसित हाई परफॉर्मेंस सेंटर, रिहैब सेंटर, पैरा रिहैब सेंटर, ऑल वेदर स्विमिंग पूल, मल्टीपरपज इंडोर हॉल तथा छात्रावास सुविधाओं का अवलोकन किया। जिला कलक्टर ने राजस्थान राज्य सडक़ विकास एवं निर्माण निगम (आरएसआरडीसी) से संस्थान के निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। रिहैब सेंटर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेंट्रलाइज्ड एयर कंडीशनिंग उपलब्ध होने के बावजूद स्प्लिट एसी लगाए जाने के औचित्य पर स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही रूफ वाटर के खुले पाइपों को सुरक्षित रूप से कवर करने तथा रूफ सीलिंग की क्षतिग्रस्त कवरिंग को शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। छात्रावास के निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने वर्तमान में संचालित शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय की छात्राओं के चरणबद्ध स्थानांतरण के लिए समुचित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। मल्टीपरपज इंडोर हॉल में स्थापित किए जा रहे बैडमिंटन कोर्ट की प्रकाश व्यवस्था को तकनीकी मानकों के अनुरूप कोर्ट के मध्य भाग में स्थापित करने के निर्देश भी दिए।

पैरा रिहैब सेंटर में उपलब्ध अत्याधुनिक मशीनों का निरीक्षण करते हुए जिला कलक्टर ने विद्युत कनेक्शन विच्छेदित पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा आरएसआरडीसी को तत्काल सबमीटर स्थापित कर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में संचालित कक्षाओं का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं से संवाद किया। बी.पी.एड. द्वितीय वर्ष की कक्षा में टूटी हुई ब्लैकबोर्ड पर अध्ययन-अध्यापन कार्य संचालित होने पर उन्होंने गंभीर आपत्ति व्यक्त की। उन्होंने मौके पर ही जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार मिश्रा को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रजनी शेखावत से दूरभाष पर संपर्क कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही महाविद्यालय के समस्त कार्मिकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति नियमित रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# 5.17 करोड़ रुपये के अवैध मादक पदार्थों का नष्टीकरण



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में जब्त अवैध मादक पदार्थों के निस्तारण अभियान के तहत जोधपुर कमिश्नरेट की पश्चिम जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये मूल्य के मादक पदार्थों का नष्टीकरण किया। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त कमल शेखावत के निर्देशन एवं सुपरविजन में संपन्न हुई।

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के कुल 75 प्रकरणों में जब्त डोडा पोस्त, स्मैक, गांजा एवं एमडी सहित कुल 2807.484 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थों का धारा 52ए एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अनुसार नष्टीकरण किया। नष्ट किए गए मादक पदार्थों की अनुमानित बाजार कीमत 5 करोड़ 17 लाख 90 हजार 250 रुपये बताई गई है। इसके अलावा धारा 52ए(2) एनडीपीएस एक्ट के तहत विभिन्न प्रकरणों में जब्त 12 वाहनों का भी निस्तारण किया गया। इन वाहनों की कुल अनुमानित कीमत 57 लाख 7 हजार 500 रुपये है। वहीं आबकारी मामलों में भी कार्रवाई करते हुए जोधपुर पश्चिम जिले के विभिन्न थानों के 117 प्रकरणों में जब्त 2,944 लीटर शराब का नष्टीकरण किया गया। इसके अतिरिक्त 219 प्रकरणों में जब्त 47,623 लीटर शराब, 31,109 लीटर स्प्रिट तथा देशी शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरणों के निस्तारण के लिए जिला आबकारी अधिकारी को प्रस्ताव भेजे गए हैं।

# आरयूबी निर्माण के कारण जोधपुर आने वाली तीन ट्रेनें प्रभावित

## रेवाड़ी-जोधपुर एक्सप्रेस आंशिक रद्द, दिल्ली सराय रोहिल्ला-जोधपुर सुपरफास्ट बदले मार्ग से चलेगी



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल में कनीना खास-महेंद्रगढ़ स्टेशनों के मध्य समपार फाटक संख्या-98 पर रोड अंडर ब्रिज निर्माण कार्य के लिए ब्लॉक के चलते 14 अक्टूबर को जोधपुर आने वाली कुछ ट्रेनों के संचालन में परिवर्तन किया गया है।

जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि ट्रेन संख्या 14824, रेवाड़ी-जोधपुर एक्सप्रेस 14 अक्टूबर को रेवाड़ी के स्थान पर लोहारू से संचालित होगी। इस कारण यह ट्रेन रेवाड़ी-लोहारू स्टेशनों के मध्य आंशिक रूप से रद्द रहेगी।

इसी प्रकार ट्रेन संख्या 22421, दिल्ली सराय रोहिल्ला-जोधपुर सुपरफास्ट 14 अक्टूबर को दिल्ली सराय रोहिल्ला से परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रिंगस-फुलेरा-डेगाना होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह ट्रेन नारनौल, नीम का थाना, रिंगस, फुलेरा, कुचामन सिटी तथा मकराना स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या 22472, दिल्ली सराय रोहिल्ला-बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 14 अक्टूबर को दिल्ली सराय रोहिल्ला से अपने निर्धारित समय से एक घंटे की देरी से रवाना होगी।

**रथ यात्रा के दौरान पुरी स्टेशन पर पार्सल सेवा बंद-** भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा के दौरान उमडने वाली भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 15 से 26 जुलाई तक पुरी रेलवे स्टेशन पर पार्सल सेवा पर अस्थाई रोक लगाने का निर्णय लिया है। जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम हितेश यादव के अनुसार इस अवधि में पुरी स्टेशन से आने-जाने वाले सभी पार्सल (लीज और नॉन-लीज दोनों) की बुकिंग और ढुलाई बंद रहेगी। साथ ही विशेष ट्रेनों, एफटीआर कोच, आरसी खाते के कोच तथा निरीक्षण डिब्बों की आवाजाही भी प्रतिबंधित रहेगी। रथ यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है, ताकि स्टेशन पर भीड़ का बेहतर प्रबंधन हो सके और रेल संचालन सुरक्षित व सुचारु बना रहे।

# मारपीट व लूट के मामले में फरार टॉप-10 बदमाश यूपी से गिरफ्तार



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** बासनी पुलिस ने मारपीट एवं लूट के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे टॉप-10 वांछित अपराधी अब्दुल कादिर को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त स्टील की रॉड भी बरामद कर ली गई है, जबकि मामले में फरार दूसरे आरोपी मोहम्मद फैजान की तलाश जारी है।

पुलिस आयुक्त जोधपुर शरत कविराज एवं पुलिस उपायुक्त पश्चिम कमल शेखावत के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त प्रवीण कुमार तथा सहायक पुलिस आयुक्त दीपक कुमार मीणा के सुपरविजन में बासनी थानाधिकारी नितिन दवे के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी विश्लेषण एवं गोपनीय सूचना के आधार पर आरोपी कुंदरकी, जिला मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) निवासी अब्दुल कादिर पुत्र जमील खान को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार 12 मार्च 2026 की रात स्टील कारोबारी के साझेदार रमेश पटेल पर सांगरिया फांटा स्थित भिक्षु मेटल के पास अब्दुल कादिर और मोहम्मद फैजान ने हमला कर दिया था। आरोपियों ने स्टील की रॉड, सरियों व अन्य हथियारों से गंभीर मारपीट कर रमेश पटेल को घायल कर दिया। इसके बाद उसकी जेब से करीब 80 हजार रुपये, आधार कार्ड सहित बटुआ तथा सैमसंग ए-24 मोबाइल लूटकर फरार हो गए। फरारी के दौरान वे पीड़ित पक्ष को मुकदमा वापस लेने के लिए धमकियां भी दे रहे थे। इसके बाद दोनों को थाना बासनी के टॉप-10 वांछित अपराधियों की सूची में शामिल किया गया।

# पीएम-कुसुम योजना के तहत ऋण मेला आयोजित

**जोधपुर।** जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से पीएम-कुसुम योजना के कम्पोनेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी के तहत किसानों, सौर ऊर्जा उत्पादकों (एसपीजी) एवं सोलर पावर डवलपर्स के लिए मंगलवा को जोनल मुख्य अभियंता कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में ऋण मेले का आयोजन किया गया। जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक डॉ. भंवरलाल ने बताया कि ऋण मेले का उद्देश्य योजना से जुड़े किसानों एवं विकासकर्ताओं को बैंकिंग, वित्तीय और तकनीकी सुविधाएं एक ही मंच पर उपलब्ध करवाकर ऋण प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाना था। उन्होंने बताया कि मेले में भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक तथा बैंक ऑफ इंडिया सहित विभिन्न वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आवेदकों को ऋण प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, वित्तीय विकल्प, सब्सिडी एवं पीएम-कुसुम योजना के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। मेले में बैंक प्रतिनिधि एवं तकनीकी विशेषज्ञों ने किसानों और विकासकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

# बारिश का दौर थमने से गर्मी का असर भी बढ़ा एक सप्ताह तक मौसम के शुष्क रहने की संभावना

**जोधपुर।** राजस्थान में दक्षिण-पश्चिम मानसून फिलहाल कमजोर पड़ गया है। अगले एक सप्ताह तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने की संभावना है और कहीं भी अच्छी बारिश के आसार नहीं हैं। इधर बारिश का दौर थमने से गर्मी का असर भी बढने लग गया है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के ज्यादातर इलाकों में मौसम शुष्क रहा। हालांकि कुछ स्थानों पर तेज हवाएं चली। पश्चिमी राजस्थान में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। सर्वाधिक बारिश 37 एमएम टिब्बी, हनुमानगढ़ में दर्ज की गई। सर्वाधिक अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस श्रीगंगानगर, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस सिरोही में दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार अगले सात दिनों तक पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर और बीकानेर संभाग के अधिकांश जिलों में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने की संभावना है।

**कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर ( राज. ) 345001**

क्रमांक/भूमि/2026-27/1404 दिनांक : 08.07.2026

**प्रसारित नोटिस उजरदारी**

श्रीमती जयश्री पत्नी श्री लीलू सिंह जाति हजूरी निवासी ग्राम डेढा तह. सम जिला जैसलमेर द्वारा एक आवेदन-पत्र, विक्रय-पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या सी-435 साईज 30 गुणा 60 कुल 1800 वर्गफीट वाके जवाहरलाल नेहरू योजना जैसलमेर जो की श्रीमती मुन्नी बाई पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार जैन निवासी ग्राम बालेसर सता जिला जोधपुर हाल डी-38, यू.आई.टी. बस्ती, प्रताप नगर जोधपुर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र से क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती जयश्री पत्नी श्री लीलू सिंह जाति हजूरी निवासी ग्राम डेढा तह. सम जिला जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना करवाना चाहते हैं।

अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

**आयुक्त-नगर परिषद, जैसलमेर**

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अजमेर**

क्रमांक/लेखा/टेण्डर/2026/5102 दिनांक : 07.07.2026

**ई-टेण्डर ( यू.बी.एन. नम्बर-MHS2627GLOB02418 )**

डीएमएफटी योजनान्तर्गत कार्यालय पीएमओ नसीराबाद, पुष्कर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्द्रवरदाई नगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रूपनगढ़ एवं अराई हेतु 500mA क्षमता की एक्स-रे मशीन (CR System सहित) के क्रय के लिए मूल निर्माता अथवा उनके अधिकृत विक्रेताओं से ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन ई-निविदाएं अमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत शर्तें एवं अन्य आवश्यक जानकारी राजस्थान राज्य सार्वजनिक खरीद पोर्टल (SPPP) तथा www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| S.No. | Particular | 100mA Portable X-Ray Machine |
|---|---|---|
| 1. | Estimated Cost | 80 LAKH |
| 2. | Tender Fees | 1000/- |
| 3. | RISL Processing Fees | 1000/- |
| 4. | Earnest Money | 160000 rs |
| 5. | Document Download Start Date and Time | 08 July26 & 1500 Hrs |
| 6. | Pre Bid Meeting Date and Time | 13 July 2026 & 11.00 Hrs. |
| 7. | Document Upload Start Date and Time | 19 July 2026 & 17.00 Hrs. |
| 8. | Physical D.D. Submission date & time & Venue | 20 July 2026 & 11.00 Hrs CMHO Office Ajmer |
| 9. | Technical Bid Opening Date & Venue | 20 July 2026 & 12.00 Hrs |

निविदाएं खोलने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने पर निविदाएं अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। अपूर्ण रूप से भरी हुई निविदाएं एवं सशर्त निविदाएं स्वीकार नहीं होगी।
**नोट :** किसी भी निविदा को निरस्त/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

DIPR/C/12327/2026

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर**

राजस्थान-सरकार

**कार्यालय नगरपालिका-बाप ( फलौदी )**

क्रमांक : न.पा./2026-27/4173 **आपत्ति-आमन्त्रण सूचना** दिनांक : 14.07.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदक द्वारा अपनी आबादी भूमि में नामान्तरण स्वीकृति कराने सम्बन्धित चैनल दस्तावेज मय ब्लू प्रिन्ट, नक्शा, पट्टा मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगर पालिका में नामान्तरण हेतु आवेदन पेश किया है। उस पर जिस किसी को आपत्ति/ऐतराज हो तो आपत्ति जारी होने की तिथि से 07 दिवस के अन्दर मियाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में अपनी आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें। बाद मियाद आपत्ति नहीं होगी। सूचित रहे।

| क्र. सं. | नाम | प्लॉट नं./ पट्टा नं. | स्थान | क्षेत्रफल वर्गफुट में | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | आवेदन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विशनसिंह पुत्र उत्तमसिंह | Patta No. 33 | तहसील कार्यालय के सामने से जाने वाली सड़क | 600 | प्लॉट नं. 43 | मुख्य सड़क 100 फीट | रास्ता 20 फीट | प्लॉट नं. 40 | आबादी भूमि नामान्तरण/ उपविभाजन |
| 2. | विशनसिंह पुत्र उत्तमसिंह | Khasra No. 637 | बाबा रामदेव नगर | 1800 | भूखण्ड नं. 24 | भूखण्ड नं. 26 | 22 फीट रास्ता | भूखण्ड नं. 44 | आबादी भूमि नामान्तरण/ उपविभाजन |
| 3. | किशनलाल पुत्र नारायणदास | Patta No. 117 Misal No. 8 | मेघवंसियों का बास | 2149.75 | बलुराम का भूखण्ड | इसी पट्टे का शेष भाग | बलुराम का भूखण्ड | खुला चौक | आबादी भूमि नामान्तरण |
| 4. | नखतमल पुत्र गोपालराम | Patta No. 599 Misal No. 16 | आदर्श कॉलोनी | 2000 | भूखण्ड संख्या 17 | भूखण्ड संख्या 15 | 20 फीट रास्ता | 10 फीट रास्ता | आबादी भूमि नामान्तरण/ भवन निर्माण |

**अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, बाप**

स्वामी एवं प्रकाशक प्रदीप लोढ़ा के लिए 902, तीसरी ई-रोड, सरदारपुरा, जोधपुर से प्रकाशित तथा मुद्रक मनीष कुमार, माणक ऑफसेट प्रिन्टर्स, एमजीएच रोड, जोधपुर द्वारा मुद्रित। सम्पादक प्रदीप लोढा, फोन : 2540244, 2622321, फैक्स : 2541066, सिटी कार्यालय : मालियों की गली, उदयमंदिर थाने के पास, जोधपुर। -जयपुर कार्यालय : जी-1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। फोन नं.-01412220403-05, समाचार सम्पादक (मानद): सैयद मुनव्वर अली, मो. 9929454286

## सम्पादकीय...

### प्रधान का बचाव क्यों



नीट परीक्षा का पर्चा आउट होने से लेकर अन्य कई तरह के आरोपों से घिरे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जहां जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन चल रहा है वहीं दूसरी ओर यहीं पर छात्रों के समर्थन में प्रसिद्ध शिक्षा विद पर्यावरण विद् सोनम वांगचुक पिछले 17 दिन से आमरण अनशन पर बैठे हैं उनके स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आ रही है लेकिन मंत्री जी अपने पद पर बने हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस के कई मंत्रियों को त्यागपत्र के लिए विवश कर दिया था विधानसभा लोकसभा कई दिन तक नहीं चलने दी गई। लेकिन यही भाजपा सत्ता में आने के बाद अपने किसी भी मंत्री को किसी भी दबाव में पद नहीं छोड़ने देती। चाहे मंत्री को कोर्ट ने दोषी मान लिया हो, चाहे मंत्री ने गलत बयान बाजी करी हो और पकड़ा गया हो, चाहे मंत्री की कोई बहुत चर्चित योजना फेल हो गई, काम में गड़बड़ पाई गई भ्रष्टाचार पाया गया, मंत्री के कामकाज में फैलियरनेस दिखाई दी परंतु कहीं भी किसी मंत्री पर गाज नहीं गिरी। नीट परीक्षा में मंत्री की असफलता सार्वजनिक हो चुकी है बड़ी बात तो यह है कि अभी पकड़े गए अपराधियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने पिछले साल भी पर्चा आउट किया था। इस वर्ष जो पर्चा आउट हुए और पहले भी जो हुए वह सब सब परचे सेट करने वालों ने किए थे । इस वर्ष नीट परीक्षा दोबारा की गई जिस पर करोड़ों रुपए सरकार का खर्च हुआ है इस बीच कम से कम दो दर्जन छात्रों ने आत्महत्या की इसका कलंक किसके ऊपर है। इस परीक्षा के परीक्षा आउट होने की नैतिक जिम्मेदारी शिक्षा मंत्री को लेनी चाहिए लेकिन उल्टा यह हो रहा है कि सब आमरण अनशन पर बैठे सोनम वांगचूक को अनशन खत्म करने की सलाह दे रहे हैं कोई सरकार को नहीं कह रहा है कि मंत्री का इस्तीफा ले लो।

*वैभव लोढ़ा...*

### इतिहास में आज

1916 : दुनिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग की शुरूआत.
1926 : बॉम्बे में पहली मोटरबस सेवा की शुरुआत.
1955 :राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की.
1979 : भारत के प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने अपने पद से इस्तीफा दिया.

*-धर्म चंद मेहता*

### क्रॉस फायर

❑ राष्ट्रपति ट्रंप बोले ईरान को बुरी तरह मारेंगे और अमेरिका हॉर्मूज़ स्टेट का कंट्रोल संभालेगा।

◆इच्छा तो उनकी और भी है पर बात नहीं रहे हैं।

❑ रूस ने ईरान भेजा प्रलय विमान, अमेरिका के लिए बड़ा संदेश।

◆अब आएगा मजा आएगा अमेरिका का जब बराबर की टक्कर होगी।

❑सुप्रीम कोर्ट ने पोक्सो के दुरुपयोग पर चिंता जताई।

◆दुरुपयोग करने का मौका ही क्यों दो।

❑राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एस आई टी से रिपोर्ट मांगी।

◆ताकि असलियत तो मालूम पड़े।

❑लगातार छठे महीने देश में महंगाई बढ़ाकर 4.38 प्रतिशत पर पहुंची।

◆अभी तो देखे जाओ क्या हाल होगा।

❑कानून व्यवस्था को लेकर एक्शन मोड में मुख्यमंत्री भजनलाल कहा बदमाशों की रूह कापनी चाहिए।

◆अभी तो सरकार की दिख रही है।

❑राजस्थान में मानसून 7 दिन में फिर रफ़्तार पकड़ेगा।

◆नहीं आएगा तो जवाब देना भारी पड़ जाएगा।

❑राजस्थान में ट्रांसपोर्टर की अनिश्चितकालीन हड़ताल 10000 ट्रकों के पहिए थमें।

◆परेशानी तो जनता को होनी है।

*..............अंजू लोढ़ा*

### आज का राशिफल

**बुधवार 15 जुलाई, 2026**

**मेष राशि:** लंबे समय से अटके रोजगार से संबंधित कार्य पूरे होंगे। नौकरी में कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। आलस्य, प्रमाद से बचें। यात्रा से धन प्राप्त होगा।

**वृषभ राशि:** अनजाने में हुई गलती से दुखी होंगे। कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारी मिल सकती है। समय मध्यम रहेगा। परिस्थिति में पहले से कुछ सुधार होगा।

**मिथुन राशि:** कारोबार विस्तार के लिए समय उपयुक्त है। जिस काम को हाथ में लेंगे, उसमें सफलता जरुर मिलेगी। भावनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ सकते हैं। आपके कार्य की प्रशंसा होगी।

**कर्क राशि:** तकनीकी खराबी के कारण आप के कार्य लंबित होंगे। आपकी लापरवाही से कार्यक्षेत्र में समस्या उत्पन्न हो सकती है। व्यस्तता के कारण निजी जीवन में उथल-पुथल संभव है।

**सिंह राशि:** आपको पिता के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी। पुराने रोगों से परेशान रहेंगे। प्रभावशाली व्यक्तियों से लाभ मिलेगा। संपर्क क्षेत्र का विस्तार होगा। नौकरी में बदलाव होगा।

**कन्या राशि:** परिवार में शुभ प्रसंग के अवसर आयेंगे। परिजनों के सहयोग से ही कार्य होगा। भाग्य साथ देगा और आप को समस्या का समाधान होगा। जिस किसी पर आप शंका कर रहे हैं, वह गलत है।

**तुला राशि:** कई दिनों से अधूरे काम आज पूरे होंगे। धन की स्थिति में सुधार होगा। परिवार में शुभ प्रसंग होंगे तथा स्वास्थ्य में सुधार होगा। चित्त प्रसन्न रहेगा।


**वृश्चिक राशि:** आपकी मनमर्जी के कारण नुकसान होने की संभावना है। अपने व्यवहार में नर्मी लायें। यात्रा के योग है। नकारात्मकता हावी होने से निर्णय लेने में विलंब होगा।

**धनु राशि:** किसी की भी निंदा न करें। अपनों से व्यवहार कमजोर होगा। दोस्तों के साथ मनोरंजन आदि में समय व्यतित होगा। व्यापार में नई योजनाओं का शुभारंभ होगा। कार्यक्षेत्र में सामंजस्य जरूरी है।

**मकर राशि:** साझेदारी में धन का निवेश लाभकारी रहेगा। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति करेंगे। स्थानादि परिवर्तन के योग बनेंगे। स्त्री पक्ष से विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कुम्भ राशि:** कारोबार में समय व परिस्थिति में सुधार होगा। कम समय में काम को पूरा करेंगे। शुभ समाचार प्राप्त होगा। लेखा-जोखा के कार्य में विशेष सावधानी बरतें।

**मीन राशि:** तेल तिलहन में धन निवेश करते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आपका समय शुभ व अनुकूल होगा। घर में शुभ व मांगलिक कार्यों की योजना बनेगी। संतान के वैवाहिक प्रस्ताव सफल होंगे।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# राजस्थानी संस्कृति के अमर साधक के. सी. मालू एक युग का अवसान, एक विरासत का अमरत्व



**ललित गर्ग**

कुछ व्यक्तित्व केवल अपने जीवनकाल तक सीमित नहीं रहते, वे अपने समय की सांस्कृतिक चेतना बन जाते हैं। उनके जाने के बाद भी उनकी साधना समाज की स्मृतियों, संस्कारों और परंपराओं में जीवित रहती है। राजस्थानी लोकसंगीत, भाषा, साहित्य और संस्कृति के ऐसे ही युगपुरुष थे केसरी चंद (के.सी.) मालू। उनका निधन केवल एक व्यक्ति का निधन नहीं है, बल्कि राजस्थान की सांस्कृतिक यात्रा के एक स्वर्णिम अध्याय का विराम है। उन्होंने अपने जीवन को जिस निष्ठा, समर्पण और तपस्वी भाव से राजस्थानी अस्मिता के संरक्षण में समर्पित किया, वह उन्हें सामान्य व्यक्तियों की श्रेणी से बहुत ऊपर स्थापित करता है। आज जब बाजारवाद और वैश्वीकरण की तेज आंधी में लोकसंस्कृतियां अपनी पहचान बचाने के लिए संघर्ष कर रही हैं, तब के. सी. मालू जैसे व्यक्तित्वों का महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि यदि संकल्प दृढ़ हो तो एक अकेला व्यक्ति भी पूरी सांस्कृतिक धरोहर को विलुप्त होने से बचा सकता है। उन्होंने राजस्थानी लोकधुनों एवं लोकगीतों को केवल संग्रहित नहीं किया, बल्कि उन्हें नई पीढ़ी की धड़कनों तक पहुंचाया। उन्होंने संस्कृति को संग्रहालय की वस्तु नहीं बनने दिया, बल्कि उसे जनजीवन की सांसों से जोड़ दिया। निश्चित ही वे लोकधुनों के सजग प्रहरी थे, संस्कृतिप्रेमी एवं कला-साधक थे। संगीत उनके लिए केवल मनोरंजन नहीं था, बल्कि संस्कृति का प्राण था। उन्होंने हजारों लोकगीतों की पांडुलिपियां तैयार करवाईं, ध्वनिलिपियां बनवाईं, उनकी रिकॉर्डिंग करवाई और उन्हें सुरक्षित रखा। बिना किसी सरकारी सहायता के पांच हजार से अधिक लोकगीतों का संरक्षण अपने आप में विश्वस्तरीय सांस्कृतिक साधना है। यह कार्य किसी संस्थान के लिए भी कठिन माना जाता है, लेकिन उन्होंने इसे अपने जीवन का मिशन बना लिया। यही कारण है कि आज राजस्थान की अनेक लोकधुनें, विवाह गीत, मांड, पणिहारी, घूमर, चिरमी और असंख्य लोकगाथाएं सुरक्षित हैं। वीणा म्यूजिक की स्थापना केवल एक व्यावसायिक संस्था की स्थापना नहीं थी, बल्कि यह राजस्थान की आत्मा को स्वर देने का अभियान था। उस दौर में जब लोककलाकार गुमनामी के अंधेरे में खो रहे थे, उन्होंने उन्हें मंच दिया, सम्मान दिया और पहचान दी। अनेक कलाकार, जिनकी प्रतिभा गांवों तक सीमित थी, उनके प्रयासों से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचे। उन्होंने सिद्ध कर दिया कि लोककला किसी क्षेत्र की सीमाओं में कैद नहीं होती, बल्कि वह पूरी मानवता की सांस्कृतिक धरोहर होती है। ऐसा प्रतीत होता है उनके जीवन की हर पात में संगीत की झंकार है। राजस्थानी संस्कृति, संगीत एवं लोकधुनों से जहां-जहां साक्षात्कार होगा, वहां-वहां के.सी. मालू के कदमों के निशान मिलेंगे। उनका मन एवं कर्म सृजनात्मक था। के.सी. मालू की दृष्टि केवल संगीत तक सीमित नहीं थी। वे राजस्थानी भाषा के भी प्रखर प्रहरी थे। उनका मानना था कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं होती, बल्कि वह किसी समाज की आत्मा और उसकी सांस्कृतिक स्मृति होती है। राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिलाने के लिए उन्होंने जो संघर्ष किया, वह उनके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं अपनी माटी के प्रति समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने देश और विदेश के अनेक मंचों पर राजस्थानी भाषा की गरिमा और उसकी समृद्ध साहित्यिक परंपरा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वे प्रसिद्धि के शिखर पर पहुंचकर भी विनम्र बने रहे। उनके भीतर कलाकार का संवेदनशील हृदय, साहित्यकार की दृष्टि और समाजसेवी की आत्मीयता एक साथ दिखाई देती थी। वे जानते थे कि संस्कृति केवल पुस्तकों या मंचों से जीवित नहीं रहती, बल्कि लोगों के जीवन में उतरने से जीवित रहती है। इसलिए उन्होंने लोकसंगीत को गांवों से निकालकर शहरों तक और भारत से निकालकर विश्वभर के राजस्थानी समाज तक पहुंचाया। वर्ष 1987 में अकाल पीड़ितों की सहायता के लिए लता मंगेशकर नाइट का आयोजन कर एक करोड़ रुपये की सहायता राशि जुटाना उनके सामाजिक दायित्वबोध का अद्भुत उदाहरण है। यह बताता है कि उनके लिए संगीत केवल कला नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम भी था। उन्होंने अपने संसाधनों और प्रतिष्ठा का उपयोग समाजहित के लिए किया। आज जब कला का बड़ा हिस्सा केवल व्यवसाय बनता जा रहा है, तब के.सी. मालू का जीवन यह संदेश देता है कि कला का सर्वोच्च उद्देश्य समाज को समृद्ध बनाना है। उनके द्वारा संकलित 221 राजस्थानी विवाह गीतों का विशाल संग्रह विश्व में अपनी तरह का अनूठा उदाहरण है। यह केवल गीतों का संग्रह नहीं, बल्कि राजस्थान की सामाजिक परंपराओं, पारिवारिक संस्कारों और सांस्कृतिक स्मृतियों का जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने यह समझ लिया था कि यदि लोकगीत बचेंगे तो लोकजीवन भी बचेगा। इसलिए उन्होंने संगीत के माध्यम से संस्कृति की रक्षा का महान कार्य किया। मेरा उनसे संबंध केवल एक प्रशंसक का नहीं था, बल्कि आत्मीयता का था। मेरे पूज्य पिताजी स्व. श्री रामस्वरूप जी गर्ग जब भी जयपुर जाते थे, तो के.सी. मालू जी से अवश्य मिलते थे। दोनों के बीच साहित्य, संस्कृति, जैन दर्शन और समाज के विविध विषयों पर लंबी चर्चाएं होती थीं। उन चर्चाओं का उल्लेख मैं बचपन से सुनता आया हूं। उन संवादों में केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं होता था, बल्कि संस्कृति के भविष्य की चिंता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भाव भी दिखाई देता था। बाद में मुझे भी उनसे मिलने और उनके स्नेह का लाभ लेने का अवसर मिला। उनकी सहजता, आत्मीयता और विचारों की गहराई आज भी स्मृतियों में ताजा है। वे जब भी राजस्थान की संस्कृति की बात करते थे, उनके शब्दों में केवल जानकारी नहीं होती थी, बल्कि मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम झलकता था। वे मानते थे कि अपनी जड़ों से जुड़ा समाज ही भविष्य का निर्माण कर सकता है। शायद यही कारण था कि उन्होंने आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए भी परंपरा को कभी नहीं छोड़ा। उन्होंने डिजिटल माध्यमों पर भी राजस्थानी संगीत को स्थापित किया, जिससे दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाला राजस्थानी अपनी मिट्टी की सुगंध को महसूस कर सके। आप एक सेतु बन सकते हैं खूबसूरत, जिन्दगी बांचने वाला एवं संस्कृति-संरक्षण करने वाला पुल। हम एक साथ मिलकर जीवन को संस्कृतिमय बना सकते हैं, जीवन में आने वाली बाधाओं को दूर कर सकते हैं, अंधेरों के बीच रोशनी बन सकते हैं। इसी सोच के साथ 'वीणा' के संस्थापक के. सी. मालू का जीवन हमें यह भी सिखाता है कि महानता पद, सत्ता या संपत्ति से नहीं आती, बल्कि उस विरासत से आती है जो व्यक्ति समाज को देकर जाता है। उन्होंने अपने पीछे न केवल हजारों गीतों का खजाना छोड़ा है, बल्कि असंख्य कलाकारों की मुस्कान, लाखों श्रोताओं की स्मृतियां और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का एक अमूल्य स्रोत भी छोड़ा है। यही किसी भी जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। आज उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए मन बार-बार यही कहता है कि कुछ लोग शरीर से विदा होते हैं, किंतु अपने कार्यों के कारण कभी विदा नहीं होते। के. सी. मालू भी ऐसे ही अमर व्यक्तित्व हैं। जब भी राजस्थान की धरती पर घूमर की थाप गूंजेगी, मांड की मधुर स्वर-लहरियां बहेंगी, विवाह गीतों में लोकसंस्कृति का उल्लास झलकेगा, तब-तब उनकी साधना स्मरण की जाएगी। वे हर उस स्वर में जीवित रहेंगे, जिसमें राजस्थान की माटी की सुगंध होगी। मालू का जीवन एक संदेश है कि संस्कृति का संरक्षण किसी सरकार का नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक सजग व्यक्ति का दायित्व है। यदि एक व्यक्ति संकल्प ले ले तो वह पूरी पीढ़ियों की सांस्कृतिक स्मृति को सुरक्षित रख सकता है। के.सी. मालू ने यही करके दिखाया। इसलिए उनका जाना केवल एक रिक्तता नहीं, बल्कि एक ऐसी जिम्मेदारी छोड़ गया है जिसे समाज को मिलकर निभाना होगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे पुण्यात्मा के. सी. मालू को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा उनके परिजनों, असंख्य शुभचिंतकों और समस्त कला-जगत को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उनके द्वारा प्रज्वलित संस्कृति, संगीत और भाषा का यह दीपक आने वाली पीढ़ियों को सदैव आलोकित करता रहेगा।

# प्रभाष जोशी की जयंती पर विशेषः पत्रकार को लिखे हुए को बेचना भी आना चाहिए



**सुरेश पारीक**

मैं अपनी बात राजस्थान के उपमुख्यमंत्री रहे हरिशंकर भाभडा से शुरू कर रहा हूँ ।एक दिन मैं भाजपा कार्यालय में था तब भाभडा जी एक कार्यकर्ता को डाँट रहे थे कि तुम्हारे पास मंहगी गाड़ी कहाँ से आ गई । उन्होंने मुझे बताया कि मैं जानता हूँ इसके पास कमाई का कोई ज़रिया नही है फिर भी मंहगी गाड़ी में घूम रहा है ।भाभडा जी को लगा कि उनकी पार्टी का कार्यकर्ता किस अनैतिक कमाई में लग गया ।भाभडा जी के निधन के बाद मैंने लिखा था कि कार्यकर्ताओं पर नज़र रखने वाले अब ऐसे नेता कहाँ भाइयों प्रभाष जी भी ऐसे पत्रकार थे जो पत्रकारों पर नज़र रखते थे कि कहीं अनैतिक कार्यों से वह पैसे तो नही कमा रहा है । जनसत्ता के अलावा भी अन्य पत्रकारों पर उनका नैतिक प्रभाव था कि कहीं जोशी जी की नज़र में गिर नहीं जाये ।एक बार तब के गोदी मिडिया ने मेरे बारे में उन्हें ग़लत जानकारी दे दी ।जब वह जयपुर आए तो मुझे कहा कि तुम भी मकान वकान के चक्कर में पड़ गए मैंने मना किया और किसी बहाने उन्हें अपने घर ले गया और तब मेरा किराए का मकान देखकर संतोष हुआ । उनके मन में यही था कि पत्रकारिता में आये हैं तो उसके काम में इतना लग जाओ कि मेहनत और प्रतिभा का यादा से ज़्यादा प्रभाव नज़र आए । मैंने सिददराज ढडढा जी से भी सुना था कि पत्रकारिता एक साधना हैं जिसके तप में निखरने पर ही कोई अपना महत्वपूर्ण सर्वस्व समाज को दे सकता है ।

आपने एक मौलवी का क़िस्सा सुना होगा जिसमें उनके घरवालों ने पड़ौसी की मुर्गी को हलाल कर लिया था ।मौलाना के मना करने पर उनकी पत्नी ने कहा कि चलो शोरबा तो ले लो और जब वह थाली में डालने लगीं तो एक बोटी उसमें गिर गई ।जब पत्नी बेटी को उठाने लगी तो मौलाना ने कहा कि जो अपने आप आती है तो उसे आने दो ।जो आपकी ईमानदारी और परिश्रम से आता है तो उसका कोई दोष नही है लेकिन आज आपाधापी में आप जो कर रहे है उससे स्वार्थ सिद्धी तो हो रही हैं लेकिन वह सम्मान नहीं मिलता जिसके लिए आप लालायित रहते हैं ।बहुत से लोगों को सम्मान चाहिए भी नहीं इसलिए सब तरफ़ गिरावट नज़र आ रही हैं ।पत्रकारिता ही नहीं किसी भी पेशे का सम्मान तभी होगा जिसमें तपस्वी ईमानदार लोगों कॉं वर्चस्व बढ़ेगा ।जोशी जी को भी हम आज इसलिए याद कर रहें है क्योंकि उन्होंने अपनी ईमानदारी त्याग तपस्या से पत्रकारिता को ऊंचाइयों पर लाने में सफल रहे ।मैं इतने उच्च आदर्श की बात नहीं करूँ तो अपनी गिरेबान में झाँकने की बात तो कर ही सकता हूँ ।सरकार राजनीतिक दल न्याय व्यवस्था चिकित्सा ,पत्रकारिता या नौकरशाही सब छेत्र में ऐसे लोगों की ज़रूरत है जो अपनी कमियाँ बता सके और उसे ठीक करने का प्रयास करें ।गलती होने पर अपनी पीठ पर कोड़े मार करउसका पश्चाताप कर सके ।लेकिन यह साहस कोई करता है तो उसकी बिरादरी में ही सबसे पहले खिलाफत शुरू होती है ।यह भी समाज में गिरावट का प्रतीक है । आज बहुत से लोग गोदी मीडिया की बात करते है मैं इससे इंकार नहीं कर रहा लेकिन सरकार की आलोचना के अलावा भी बहुत से काम हैं जिनसे मीडिया अपनी ताक़त बढ़ा सकता हैं ।हम सोचते है कि सरकार की वजह से मीडिया में गड़बड़ है लेकिन मेरा मानना है कि सत्ता किसी भी दल की हो वह अपने सामने कोई भी ताक़त खड़ी होते नहीं देखना चाहती । पहले यह कहा जाता था कि मीडिया पूँजीपतियों के हाथ में है और काग़ज़ स्याही मशीन पर लगने वाली पूंजी अधिक होने के कारण बहुत कम पत्रकार ही अख़बार निकालने का साहस दिखाते थे लेकिन आज स्याही काग़ज़ मशीन के बिना भी डिजिटल मीडिया खड़ा हो सकता हैं ।

पहले की तरह दिमाग़ आपका ही इस्तेमाल हो रहा है लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नही आया ।यदि अच्छे पत्रकारों के समूह खड़े हो जाए तो पत्रकारिता मज़बूत हो सकती हैं लेकिन कुछ पत्रकारों का मानना है कि वह लिख सकते है लेकिन बेचने का काम नहीं कर सकते लेकिन मेरा मानना है कि तस्वीर बदलनी है तो उसके लिए हर उपाय करने होंगे जो उसकी ज़रूरत है ।आज रोज़गार की पत्रिकारिता का बोलबाला है इसमें रोज़गार दिलाने वाले संस्थान खड़े हो रहे जो रोजमर्रा की पत्रकारिता सिखा रहे हैं लेकिन जो गहराई चाहिए उस तक पहुँच नहीं हैं ।यही कारण हैं कि आज प्रेस क्लब और संगठनों में ऊँची सोच के लोगों का अभाव है जो कुछ पाने के लिये गरिमा का भी त्याग करने के लिए तैयार रहते हैं ।मैं मानता हूँ कि पत्रकार की भूमिका एक शिक्षक की होगी तब ही समाज को उसकी बुराइयों से दूर किया जा सकता है लेकिन सिखाने वाले की सोच और दृष्टि भी उसी तरह की हों तब ही समाज आपसे सीखने के लिये तैयार होगा अन्यथा आप पर हँसने वालों की कमी नही रहेगी ।

# विश्व युवा कौशल दिवस : हुनर ही भविष्य की पहचान है



**बाल मुकुन्द ओझा**

विश्व युवा कौशल दिवस हर साल 15 जुलाई को दुनियाभर में मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने के लिए किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2014 में युवाओं को रोजगार, अच्छे कार्य और उद्यमिता के लिए कौशल से लैस करने के रणनीतिक महत्व को मनाने के लिए 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में घोषित किया था। 15 जुलाई 2026 को विश्व युवा कौशल दिवस की 11 वीं वर्षगांठ है। इस दिवस की शुरुआत इसलिए की गई ताकि वैश्विक स्तर पर कौशल की कमी की ओर ध्यान दिया जा सके, जो कई युवाओं को अच्छे रोजगार पाने और समाज में पूरी भागीदारी से वंचित करती है। आज की तेजी से बदलती दुनिया में, शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल का होना जरुरी है। तकनीकी प्रगति, वैश्विक अर्थव्यवस्था और बदलते कार्यस्थलों के कारण युवाओं को लगातार नए कौशल सीखने और अपने मौजूदा कौशल को निखारने की जरूरत है। एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 26.7 करोड़ युवा हश्वश्वञ्ज यानि रोज़गार, शिक्षा या प्रशिक्षण में नहीं है की श्रेणी में हैं, और यह संख्या 27.3 करोड़ तक पहुँचने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। यह दिवस यह भी दर्शाता है कि कौशल विकास सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति, गरीबी उन्मूलन और आर्थिक वृद्धि के लिए आवश्यक है। यह तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा को युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए एक सशक्त माध्यम के रूप में प्रोत्साहित करता है। हुनर ही भविष्य की सबसे बड़ी पहचान है। हर नई स्किल सफलता का मार्ग खोलती है। सीखना सतत जारी रखना होगा। आज का कौशल, कल की ताकत है। मेहनत और हुनर कभी व्यर्थ नहीं जाते। कौशल ही रोजगार का सबसे मजबूत आधार है। भारत की तेजी से बढ़ती आबादी का 65 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम आयु का है, और उनमें से कई लोगों के पास आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक कौशल का अभाव है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हर साल लगभग एक करोड़ युवा कार्यबल में प्रवेश करते हैं और उनमें से केवल आधे ही रोज़गार के योग्य माने जाते हैं, ऐसे में कौशल-आधारित, उद्योग-केंद्रित शिक्षा मॉडल की आवश्यकता पहले कभी इतनी ज़रूरी नहीं थी, लेकिन, अब इस अंतर को पाटना केवल एक आर्थिक अनिवार्यता नहीं है, यह एक राष्ट्रीय मिशन है। भारत सरकार भी युवाओं को कौशल में प्रवीण बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है, जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, स्किल इंडिया मिशन आदि। इन योजनाओं का लक्ष्य युवाओं को विभिन्न उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। मोदी मंत्रिमंडल ने केंद्रीय क्षेत्र योजना कौशल भारत कार्यक्रम को वर्ष 2026 तक जारी रखने और पुनर्गठन को मंजूरी दी है। कौशल भारत कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना और जन शिक्षण संस्थान योजना शामिल है। वर्ष 2022-23 से 2025-26 की अवधि के लिए कौशल भारत कार्यक्रम का परिव्यय 8,800 करोड़ रुपये है। समस्या केवल नौकरी की कमी नहीं है—बल्कि शिक्षा प्रणाली और श्रम बाजार की ज़रूरतों के बीच मेल न होना है। साथ ही उचित क्रियान्वयन, उद्योग से तालमेल और नतीजों की निगरानी। कौशल विकास कार्यक्रम नतीजों में बदलने चाहिए, केवल घोषणाओं में नहीं। एक अन्य रिपोर्ट में भारत में बेरोजगारी पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। भारत में बेरोजगारी एक गंभीर और दीर्घकालिक समस्या है, जो तेज जनसंख्या वृद्धि, कम उत्पादकता, अशिक्षा और आर्थिक संरचनात्मक असंतुलन जैसे कारणों से उत्पन्न होती है। इसके समाधान के लिए भारत सरकार ने विभिन्न रोजगार सृजन कार्यक्रमों जैसे ग्रामीण विकास योजनाएँ। स्वरोजगार योजनाएँ और शहरी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम लागू किए हैं, जिन्होंने रोजगार बढ़ाने और जीवन स्तर सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भ्रष्टाचार, जागरूकता की कमी, राजनीतिक हस्तक्षेप और निजी क्षेत्र की सीमित भागीदारी जैसी चुनौतियाँ इन योजनाओं की प्रभावशीलता को प्रभावित करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि कौशल विकास पर सही ढंग से ध्यान दिया जाये तो तो भारत बेरोजगारी की समस्या को काफी हद तक कम कर सकता है और समावेशी एवं सतत आर्थिक विकास प्राप्त कर सकता है।

# राहुल के गुप्त विदेशी दौरे की कीमत चुकाती कांग्रेस



**संजय सक्सेना**

लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी 20 दिनों की गोपनीय यात्रा के बाद भारत वापस आ गये हैं। इस यात्रा के खिलाफ बीजेपी ने राहुल गांधी से कई सवाल पूछे हैं। भाजपा मीडिया सेल ने सवाल किया है कि राहुल गांधी बतायें कि वह 20 दिनों तक कहां रहे,किस किस से मिले और उनकी यात्रा का खर्चा किसने उठाया। वैसे यह पहली बार नहीं हुआ है कि जब राहुल गांधी की विदेष यात्रा को लेकर बघेड़ा खड़ा हुआ है। राहुल अक्सर बिना बतायें विदेष दौरे पर चले जाते हैं। इस दौरान वह अपनी सुरक्षा की भी चिंता नहीं करते हैं। कई बार तो वह अपने सुरक्षा कर्मियों तक को चकमा देकर निकल जाते हैं। राहुल गांधी के लम्बे समय तक विदेष चले जाने के कारण कांग्रेस को संगठनात्मक फैसले लेने में काफी परेषानियों का सामना करना पड़ता है। पंजाब कांग्रेस का विवाद इसका ताजा उदाहरण है,जो राहुल गांधी के विदेष दौर के चलते सुलझ नहीं पाया है। राहुल गांधी को विदेष से लौटने के साथ ही, उन्हें भाजपा के तीखे सवालों का सामना करना पड़ रहा है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब राहुल गांधी की विदेश यात्राएं विवादों में घिरी हों; अक्सर उनकी गायब होने की शैली और उससे उपजे राजनीतिक संकट कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ी पहेली और चुनौती बनते रहे हैं। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने राहुल गांधी के इस दौरे को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। भाजपा का तर्क है कि एक प्रमुख विपक्षी नेता के रूप में राहुल गांधी की गतिविधियों पर देश के लोगों का अधिकार है। भाजपा द्वारा उठाया जा रहा है कि राहुल गांधी इन 20 दिनों तक वास्तव में कहाँ थे? इस दौरान उनकी मुलाकात किन विदेशी हस्तियों, संगठनों या संदिग्ध व्यक्तियों से हुई? इस लंबी यात्रा का वित्तीय स्रोत क्या था और इसका खर्च किसने उठाया? सवाल यह भी पूछा गया है कि क्या राहुल गांधी का अपनी सुरक्षा टीम को चकमा देकर चले जाना, उनकी सुरक्षा प्रोटोकॉल के प्रति लापरवाही को नहीं दर्शाता है। राहुल या उनकी पार्टी इन सवालों का जबाव देगी,इसकी उम्मीद नहीं है। दरअसल,राहुल का अचानक विदेश यात्राओं पर जाना उनकी कार्यशैली का एक हिस्सा रहा है। अतीत में भी ऐसी कई यात्राएं विवादों का केंद्र रही हैं। अबकी यात्रा की तरह ही 2015 में बजट सत्र के ठीक पहले राहुल गांधी की कई हफ्तों की गुमशुदगी ने कांग्रेस को बैकफुट पर ला दिया था। उस समय पार्टी रणनीतिक रूप से कमजोर दिखाई दी थी। इसके अलावा भी कई बार राहुल गांधी व्यक्तिगत कारणों से यूरोप की यात्राओं पर जाते रहे हैं, जिनकी जानकारी कांग्रेस पार्टी भी आधिकारिक रूप से साझा करने से बचती है, जिससे अटकलों का बाजार गर्म रहता है। सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी अक्सर अपनी एसपीजी सुरक्षा या वर्तमान सुरक्षा को सूचित किए बिना निजी यात्राओं पर निकल जाते हैं, जो उनके पद की गरिमा और सुरक्षा मानकों के लिहाज से जोखिम भरा है। वहीं राहुल गांधी का लंबे समय तक पार्टी से दूर रहना कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे के लिए कई समस्याओं को जन्म देता है। खासकर पार्टी के भीतर निर्णय लेने की प्रक्रिया में ठहराव आ जाता है। कांग्रेस की कार्यप्रणाली राहुल गांधी के इर्द-गिर्द घूमती है। उनके न होने से पार्टी में बड़े फैसले अटक जाते हैं। पंजाब कांग्रेस का हालिया अंतर्कलह इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। जब पार्टी को संकट प्रबंधन की जरूरत थी, उस वक्त नेतृत्व की अनुपलब्धता ने स्थिति को और बिगड़ने दिया। इसी तरह से कार्यकर्ताओं का मनोबल भी गिरता है जब चुनाव के ठीक पहले या महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम के बीच शीर्ष नेता गायब हो जाता है, तो नीचे के स्तर के कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है। और उनमें नेतृत्व के प्रति असुरक्षा की भावना पैदा होती है। भाजपा राहुल गांधी के इस व्यवहार को पार्ट-टाइम पॉलिटिक्स के रूप में प्रचारित करती है। इससे कांग्रेस को यह समझाने में मुश्किल होती है कि वह देश की समस्याओं को लेकर कितनी गंभीर है। राहुल के विदेष दौरे के खिलाफ बीजेपी हमलावर रहती है तो कांग्रेस इन आरोपों को राहुल गांधी के निजी जीवन में दखल बताती है।

# महर्षि दैवज्ञ चंडू जयंती पर आयोजित शिविर में उमड़ा जनसैलाब

## दो हजार से अधिक लोगों ने लिया निःशुल्क ज्योतिष परामर्श का लाभ



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महर्षि दैवज्ञ चंडू जयंती के पावन अवसर पर सूर्यनगरी में आयोजित निःशुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर में लोगों का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। सीता ज्योतिष एवं वास्तु अनुसंधान केंद्र, श्याम भक्ति सेवा संस्थान एवं मारवाड़ प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में करीब दो हजार से अधिक जातकों ने विभिन्न ज्योतिषीय परामर्शों का लाभ उठाया। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए देशभर से आए ज्योतिष विशेषज्ञों ने जन्मपत्री, वास्तु, अंक ज्योतिष, हस्तरेखा, टैरो एवं अन्य विधाओं के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति गोपाल कृष्ण व्यास ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बीएसएफ के आईजी एमएल गर्ग उपस्थित रहे, जबकि जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष मिश्रा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी अरुण माहेश्वरी और अरुणा सांखला के अलावा मारवाड़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजीव गौड़ अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे, जबकि श्याम भक्ति सेवा संस्थान के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

### ज्योतिष विशेषज्ञों का सम्मान

ज्योतिष क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाएं देने के लिए वरिष्ठ ज्योतिष आचार्य पंडित घनश्याम द्विवेदी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गाया जबकि इस आयोजन में अपनी सेवाएं देने वाले सभी ज्योतिषी विशेषज्ञों को ज्योतिष शिरोमणि अवॉर्ड से नवाजा गाया, सम्मानित किए गए ज्योतिष विशेषज्ञों में दिल्ली से एस्ट्रो राजीव कोहली, एस्ट्रो मोनिका खुराना, कुमार प्रवीण, सिग्नेचर एक्सपर्ट संदीप भार्गव, टैरो कार्ड रीडर कांता राठी, प्रतापगढ़ से पंडित बृजमोहन शर्मा, सीकर से हस्तरेखा विशेषज्ञ डॉक्टर श्याम शर्मा, समदड़ी से कीर्ति श्रीमाली, बीकानेर से डॉक्टर नंदकिशोर पुरोहित, उज्जैन से पंडित अजय कृष्ण व्यास, मेड़ता से पंडित विष्णु प्रकाश शर्मा और रायचूर कर्नाटक से डॉक्टर नरेश शर्मा, पंडित विजय दत पुरोहित, ज्योतिर्विद पंडित खींवराज शर्मा, पंडित शंकर सिंह राजपुरोहित, डॉ भेरू प्रकाश दाधीच, पंडित मनोज मिश्रा, कौशल नारायण जोशी, नवीन ओमजी रामावत, भूपेंद्र वास्तु, पंडित मुकेश दाधीच, पंडित मुकेश शर्मा, डॉ संजय बोहरा, रितेश व्यास, अर्चना प्रजापति, टैरो किरण भाग्यश्री, दमयंती जांगिड़, डॉक्टर काजोल शर्मा, ओम कुमारी व्यास, डॉ डिंपल व्यास और डॉ अक्षिता कच्छवाहा शामिल रहे। उल्लेखनीय सेवाओं के लिए समाजसेवी पवन बूब, देवेश मिश्रा, अंशु हर्ष, राजीव गौड़ और श्याम भक्ति सेवा संस्थान की अध्यक्ष मोनिका प्रजापत को सम्मानित किया गया। उनकी अनुपस्थिति में कार्यवाहक सचिव हेमंत लालवानी ने पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजन समिति में शामिल किशोर सिंह पंवार, लक्की गोयल, मनीष गहलोत, नितिन आचार्य, पुखराज जांगिड़, जगदीश कुमार, ईश्वर सिंह उदावत, माधव सिंह, मोहित हेड़ा, निश्चल सोलंकी, एनके ओझा, प्रभांशु जोशी, भूमित्र जोशी, अक्षिता राजपुरोहित, मुकेश हर्ष, भवानी सिंह राजपुरोहित और प्रवीण सिंह राजपुरोहित को उनके द्वारा दी गईं सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

शिविर का आयोजन पंडित एसके जोशी के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम का संचालन कवि और लेखिका अंशु हर्ष ने किया, जबकि श्याम भक्ति सेवा संस्थान के कार्यवाहक सचिव हेमंत लालवानी ने आभार अभिव्यक्ति प्रस्तुत की।



# ऑनलाइन सर्वे व ओबीसी वर्ग की जनगणना को लेकर चर्चा

## जिला कांग्रेस कार्यालय में ओबीसी विभाग की बैठक आयोजित

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जोधपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आज जिला कांग्रेस कार्यालय में ओबीसी विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ओबीसी विभाग के जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने की, जबकि शहर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष ओमकार वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में निकाय एवं पंचायती राज चुनावों के संदर्भ में राजस्थान ओबीसी आयोग द्वारा संचालित ऑनलाइन सर्वे तथा ओबीसी वर्ग की जनगणना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों एवं ओबीसी विभाग के पदाधिकारियों से आह्वान किया गया कि वे अपने-अपने वार्डों में जाकर अधिक से अधिक ओबीसी वर्ग के पात्र मतदाताओं के नाम वोटर सूची में सही वर्ग के साथ दर्ज करवाने में सहयोग करें तथा संबंधित बीएलओ से समन्वय स्थापित करें। इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा ने कहा कि ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा तथा निकाय एवं पंचायती राज चुनावों में उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। यदि प्रत्येक पात्र व्यक्ति का नाम सही रूप से दर्ज होगा, तो भविष्य में ओबीसी आरक्षित सीटों का निर्धारण भी न्यायसंगत और प्रभावी ढंग से हो सकेगा। ओमकार वर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सामाजिक न्याय, समान भागीदारी और संविधान की भावना के अनुरूप कार्य करती रही है। ओबीसी, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, अल्पसंख्यक सभी को समान अधिकार तभी संभव है जब जनगणना सही हो। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी वार्डों में अभियान चलाकर ओबीसी समाज के लोगों को जागरूक किया जाएगा तथा वोटर सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम छूटने नहीं दिया जाएगा। बैठक में एआईसीसी महिला सचिव हेमलता चौधरी, ओबीसी प्रदेश महासचिव नरेंद्र चौहान, लियाकत अली रंगरेज, भंवर लाल सियोल, सुरेश शर्मा, त्रिलोक मेहरा, रामनिवास कुमावत, अशोक गहलोत, कुसुम दईया, डॉ. अनीता परिहार, रेखा वर्मा, फरजाना चौहान, छोटू राम गुर्जर, दिलीप सिंह परिहार, गौरव देवड़ा, पूसा राम चावड़ा, सुरेश सागर, एस के प्रजापति, किशोर सिंह पंवार, कुलदीप सिंह, सांखला, विष्णुदत्त गहलोत, छवर लाल भाटी, पूना राम सारण, मुकेश जांगिड़, खेमराज, आफताब खान आदि ओबीसी पदाधिकारी शामिल हुए।

# यूपीआरएमएस ने की डिप्टी एसएस के साथ मारपीट की निन्दा

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ ने आगरा कैंट स्टेशन पर आरपीएफ द्वारा स्टेशन उप अधीक्षक के साथ मारपीट की निन्दा की है।

यूपीआरएमएस के महामंत्री विनोद मेहता व कार्यकारी महामंत्री अजय शर्मा ने बताया कि आगरा कैंट स्टेशन पर स्टेशन उप अधीक्षक नरेंद्र सिंह चाहर अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे थे और एक महिला यात्री ट्रेन पर चढने् के लिए भाग रही थी जिसमें उसकी जान भी जा सकती थी। शर्मा ने बताया कि उप स्टेशन अधीक्षक चाहर ने ट्रेन मैनेजर को सूचना देकर ट्रेन को रूकवाया जिससे महिला यात्री ट्रेन में बैठ सकी। महामंत्री मेहता ने बताया कि आरपीएफ द्वारा जिस प्रकार मारपीट की गई वह निंदनीय है। स्टेशन उप अधीक्षक चाहर यदि गलत थे तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा सकती थी, लेकिन आरपीएफ द्वारा एक अपराधी की तरह उनके साथ मारपीट की गई। यूपीआरएमएस के महामंत्री विनोद मेहता व कार्यकारी महामंत्री अजय शर्मा ने दोषी आरपीएफ जवानों के खिलाफ जांच व सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, जिससे रेलकर्मियों में एक अच्छा मैसेज जाए।

## ट्रैकिंग-डिवाइस की वजह से अटके वाहनों के परमिट

# जोधपुर में ट्रक ऑपरेटर्स आज से करेंगे चक्काजाम हड़ताल

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश के कॉमर्शियल व्हीकल में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) लगाने को लेकर ट्रांसपोर्टर्स और परिवहन विभाग के बीच सहमति नहीं बन पा रही है। ऐसे में राजस्थान के कई जिलों में इसके विरोध में हड़ताल जारी है। जोधपुर में ट्रक ऑपरेटर्स ने कल से चक्काजाम कर हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इनका कहना है कि हम ट्रैकिंग डिवाइस लगाने को तैयार हैं, लेकिन सरकार से जिन कंपनियों का एमओयू हुआ है, वह 10 गुना महंगे हैं। इधर, ट्रैकिंग डिवाइस नहीं लगे होने की वजह से कई ट्रक के परमिट रिन्यू और फिटनेस तक भी अटक चुके हैं।



जानकारी के अनुसार 2020 के बाद जो भी ट्रक, बस और कॉमर्शियल वाहन आए हैं, उनमें पहले से ट्रैकिंग डिवाइस लगे हुए हैं और 2020 से पहले के व्हीकल हैं उनमें ट्रैकिंग डिवाइस लगाने हैं। इसके लिए एसोसिएशन भी तैयार है। ट्रांसपोर्टर्स का कहना है कि हमें ये डिवाइस लगाने में कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन, जिन कंपनियों के साथ एमओयू हुआ है, उनके डिवाइस 30 से 35 हजार रुपए तक के हैं। जबकि मार्केट में कई ऐसी कंपनियां हैं जो ऑरिजन इक्पीपमेंट मैन्यूफेक्चर (ओइएम) हैं और उनके डिवाइन 4 से पांच हजार रुपए तक की रेट में मिल रहे हैं। ऐसे में यदि जिस ट्रांसपोर्टर्स के 50 से ज्यादा ट्रक हुए तो वह एक साथ इतने रुपए कहां से देगा। इतना ही नहीं इन सभी डिवाइस को एक साल बाद इसी रेट पर रिन्यू भी करवाना होगा।

### एक हजार से ज्यादा ट्रांसपोर्टर्स होंगे प्रभावित

जोधपुर में दो एसोसिएशन हैं, एक सूर्यनगरी गुड्स ट्रांसपोर्ट ऑनली वेलफेयर सोसायटी और जोधपुर गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन। शहर में करीब एक हजार से ज्यादा ट्रांसपोर्टर्स हैं। चक्काजाम हड़ताल के लिए एक संघर्ष समिति भी बनाई है। यदि हड़ताल होती है तो जोधपुर आरटीओ से जुड़े करीब 50 हजार से ज्यादा ट्रक ड्राइवर्स प्रभावित होंगे। हालांकि एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि 13 जुलाई तक जिनके ई-वे बिल बने होंगे उन ट्रक को खाली करवा दिया जाएगा लेकिन किसी तरह का सामान लोड नहीं होगा। जोधपुर गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सचिव प्रवीण कुंभट ने बताया कि राजस्थान ट्रक एंड ट्रांसपोर्ट संघर्ष समिति की ओर से जो हड़ताल हो रही है उसका हम समर्थन कर रहे हैं और कल से हम भी हड़ताल पर उतरेंगे। इसमें हम निजी बस ऑपरेटर्स, कॉमर्शियल व्हीकल ऑपरेटर्स से भी बात कर रहे हैं। इन सभी से सहयोग लेकर जोधपुर में भी हड़ताल करेंगे।

# उधारी के रुपए लौटाने के बहाने युवक से मारपीट, पैर फ्रैक्चर

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र में एक युवक को फ्लैट से बाहर बुलाकर उसका अपहरण कर मारपीट की गई। उसके पैर पर पत्थर से वार किया गया जिससे उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। युवक को एमडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी उसे रुपए लौटाने के बहाने बुलाकर साथ ले गया। फिलहाल पुलिस अब जांच में जुटी है।

राजीव गांधी नगर पुलिस के अनुसार मूलतः कापरड़ा हाल अरिहंत अग्रिमा में एक फ्लैट में किराए पर रहने वाली पूजा वाल्मिकी की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि 12 जुलाई को दिन में भावी गांव निवासी अजय बाइक लेकर आया था। उसने उसके पति सुरेश वाल्मिकी को पैसे लौटाने के लिए फ्लैट से बाहर बुलाया और फिर अपनी बाइक पर बिठाकर बाहर लेकर गया। अरिहंत अग्रिमा के गेट के बाहर ही उससे मारपीट शुरू कर दी और फिर पत्थर उठाकर उसके पति के पैर पर पटक दिया जिससे उसके पति का पैर फ्रैक्चर हो गया। उसके पति ने कॉल कर पूजा को जानकारी दी। बाद में पूजा के देवर सूरज ने अपने भाई को एमडीएम अस्पताल पहुंचाया। राजीव गांधी नगर पुलिस इस बारे में अब जांच में जुटी है। आरोपी फरार बताया जाता है।

# दी किंग हू वुड बी मैन पुस्तक की ब्रिटेन में लांचिंग



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व नरेश गजसिंह पर लिखित पुस्तक बापजी: महाराजा ऑफ मारवाड़ जोधपुर: दी किंग हू वुड बी मैन का ब्रिटेन की संसद के हाऊस ऑफ लार्ड्स में विमोचन हुआ। समारोह में गजसिंह व उनकी पत्नी हेमलता राज्ये की उपस्थिति रही। गजसिंह के एज्यूकेटिव असिस्टेंट पुष्पेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि हाऊस ऑफ लार्ड्स के सदस्य लार्ड करण बिलमोरिया ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में ब्रिटेन के हाऊस ऑफ लार्ड्स के कई सदस्य उपस्थित थे। पुस्तक विमोचन समारोह के अवसर पर गजसिंह से शिक्षा, चिकित्सा, पर्यटन, कला व संस्कृति के सन्दर्भ में उपस्थित लोगों ने कई सवाल किए। गजसिंह ने अपने जवाब में कहा कि शिक्षा क्षेत्र में कार्य के लिए राजमाता कृष्णा कुमारी से प्रेरणा मिली, उनकी सोच को आगे बढ़ाया व शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया, जिसमें राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स स्कूल, देसूरी फोर्ट में राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स हॉस्टल व केरू में गर्ल्स हॉस्टल खोले गये। इण्डियन हेड इंजरी फाउण्डेशन की स्थापना के दुर्घटना से बचाव व जागरूकता का कार्य किया जा रहा है।

# पत्नी से प्रताड़ित होकर आत्महत्या करने का आरोप, चार माह बाद दर्ज करवाया मामला

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महामंदिर थाना क्षेत्र में एक युवक ने गत 25 फरवरी को जहर खाकर आत्महत्या की थी। मृतक के भाई ने अब उसके ससुराल वालों पर प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी है। पुलिस ने कोर्ट से मिले इस्तगासे पर आत्महत्या दुष्प्रेरण का केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि कायमखानी मोहल्ला मदेरणा कॉलोनी निवासी सिकंदर पुत्र जमालुदीन की तरफ से मामला दर्ज कराया गया है। इसमें बताया कि उसके भाई सरफराज का विवाह करीब डेढ़ वर्ष पूर्व नाजमीन के साथ हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद ही नाजमीन छोटी मोटी बातों को लेकर घर में लड़ाई झगड़ा करती रहती थी। गत 25 फरवरी को रात्रि करीब पौने ग्यारह से सवा ग्यारह के बीच उसके भाई सरफराज ने भदवासिया में जहर खा लिया। जब उसका भाई चाय की होटल पर आया उस दरम्यान उसके भाई की तबीयत बिगड़ गई। उसके दोस्तों द्वारा पूछा गया कि क्या हुआ, तब उसने बताया कि वह अपनी पत्नी नाजमीन से परेशान है। रिपोर्ट में आरोप है कि उसके भाई के साथ नाजमीन के अलावा ससुराल पक्ष के लोग भी उसे काफी समय से तंग परेशान कर रहे थे। इससे पहले 19 फरवरी को झूठी शिकायत लेकर थाने में परिवादी के भाई को बंद करवा दिया व भाई के बाहर आने के बाद परिवार को झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकियां दे रहे थे। उसके भाई की पत्नी नाजमीन के 6 सप्ताह के गर्भ धारण था। जिसको भी ससुराल वालों ने मिलीभगत कर गिरवा दिया। उसके भाई को बारबार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। परिवादी ने भाई की सास पर जादू टोने करने का आरोप लगाया और ताबीज के बदले आठ हजार रुपए ले जाने की बात की। नाजमीन घर में झगड़ा कर पीहर चली गई। इस अवसाद के चलते उसने 25 फरवरी को जहर खाकर आत्महत्या कर ली। महामंदिर पुलिस ने अब कोर्ट से मिले इस्तगासे पर केस दर्ज कर जांच आरंभ की है।

ADVT

# लेफ्टिनेंट कर्नल के सरकारी आवास में 30 लाख की चोरी

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** आर्मी के डेंटल यूनिट में कार्यरत लेफ्टिनेंट कर्नल के सरकारी आवास में चोरी हो गई। घटना का पता 11 जुलाई को स्टाफ के जरिए पता लगा। अज्ञात चोर घर से लाखों के जेवरात ले गए। वे परिवार सहित अपने मूल गृह महाराष्ट्र गए हुए थे। घटना को लेकर महामंदिर थाने में रिपोर्ट दी गई है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज से चोरों की पहचान कर तलाश में जुटी है। चोरी गए जेवरात की अनुमानित कीमत 30 लाख रुपए बताई गई है। घर से 53 हजार रुपए भी चोरी हुए है।



महामंदिर पुलिस ने बताया कि घटना को लेकर लेफ्टिनेंट कर्नल आठवले रवि प्रकाश ने रिपोर्ट दी। उन्होंने रिपोर्ट में बताया कि वे जोधपुर के कैंट में 12 कार्प्स में डेंटल यूनिट में कार्यरत है। उनका सरकारी आवास जेएसआई एंक्लेव रसाला रोड पर हैं। गत 26 जून से छुट्टी पर अपने घर पर गया था। उनका घर जलगांव महाराष्ट्र में है। गत 11 जुलाई को सवेरे 9.51 बजे यूनिट के स्टाफ नायक मनीष ने मोबाइल पर कॉल करके बताया कि उसके सरकारी आवास का दरवाजा खुला हुआ है। उसका ताला मौजूद नहीं है, और पूरे घर में हर एक कमरे का सामान बिखरा हुआ है। उसके तुरंत बाद उसके कहने पर नायक मनीष ने व्हॉटसएप पर वीडियो कॉल करके घर दिखाया। बाद में यूनिट के कमान अधिकारी कर्नल दिनेश कुमार को इसके बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सूबेदार आशीष को भी चोरी के बारे में बताया गया। अगले दिन 12 जुलाई को खुद कर्नल लेफ्टिनेंट जोधपुर पहुंचे। रिपोर्ट में बताया कि उनके घर से चोर सोने-चांदी के जेवरों के साथ 53 हजार की नगदी चोरी कर ले गए। महामंदिर पुलिस ने मामला दर्ज कर आस पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को अब खंगालना शुरू किया है। चोरों की पहचान के साथ उनकी तलाश की जा रही है।

**आर्मी जवान के बंद मकान से घरेलू सामान चोरी**- शहर के निकटवर्ती चौपासनी गांव स्थित श्याम मनोहर नगर में आर्मी जवान के बंद मकान में चोरी हो गई। अज्ञात चोर वहां से घरेलू सामान आदि चोरी कर ले गए। इस बारे में अब राजीव गांधी नगर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने बताया कि श्याम मनोहर नगर चौपासनी गांव निवासी सवाई सिंह की तरफ से मामला दर्ज कराया गया। इसमें बताया कि उनके मकान में 11 जुलाई की रात को चोरी हो गई। अज्ञात चोर वहां से एलईडी टीवी, गैस चूल्हा, कपड़ें, बर्तन आदि सामान चोरी कर ले गए।

## एसटी मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का सम्मान



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा एसटी मोर्चा जोधपुर शहर के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर सुरेंद्र देवड़ा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। राजेंद्रसिंह सोढ़ा एवं शैलेंद्र सोनी ने बताया कि सुरेंद्र देवड़ा के एसटी मोर्चा जोधपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर वार्ड नंबर 4 के भाजपा कार्यकर्ताओं ने साफा माला दुपट्टा पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने प्रदेश एवं जिला संगठन का आभार व्यक्त करते हुए मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इज़हार किया और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रेमाराम गंडेर, टीकमचंद परमार, धर्मेंद्र राव, संतोष देवड़ा, रामस्वरूप कड़वा, गजेंद्र सिंह रावटी, भूराराम भाटिया, सूरज रांकावत, सुनील सोनी, राजूराम वाल्मीकि सहित वार्ड नंबर के अनेक भाजपा पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## ग्रामीण सेवा शिविर- 2026 सफलता की कहानी

## छोड़ निवासी गोविन्द राम की वर्षो पुरानी मुराद हुई पूरी



**जैसलमेर, (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में राज्य सरकार द्वारा संचालित किए जा रहे शिविर ग्रामीणजनों के लिए आशा, विश्वास और समाधान का माध्यम बन कर उभर रहा है। वहीं वर्षो से लम्बित प्रकरणों का मौके पर निस्तार होने से आमजन को राहत मिल रही है। ग्राम पंचायत छोड़ में आयोजित शिविर छोड़ निवासी गोविन्द राम पुत्र मंगलाराम परिवार के लिए खुशी बन कर आया एवं वर्षो पुरानी पट्टे की आस शिविर की बदौलत एक दिवस में ही पूरी हो गयी एवं उसे आवासीय भूखण्ड का असली मालिकाना हक मिल गया। गोविन्द राम ने इसके लिए संवेदनशील मुख्यमंत्री जी एवं पंचायत प्रशासन के प्रति तहेदिल से आभार जताया।

गांव के गरीब गोविन्द राम ने शिविर में विकास अधिकारी महेश सिंह राठौड़ के समक्ष आवासीय भूखण्ड का पट्टा जारी कराने के संबंध में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया तो उन्होंने तत्परता दिखाते हुए ग्राम विकास अधिकारी चन्दन दान को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम विकास अधिकारी ने गोविन्द राम के आवास की जांच पड़ताल कर उसके पट्टे लिए दस्तावेज तैयार कर पट्टा बनाया। उपखण्ड अधिकारी भरत राज गुर्जर, विकास अधिकारी राठौड़ व प्रशासक श्रीमती शांति देवी ने गोविन्द राम को आवासीय पट्टा प्रदान किया। गरीब गोविंद राम ने अपनी जुबान से कहा कि जो भूखण्ड केवल आशा का आधार था, आज वह मेरे व मेरे परिवार के लिए कानूनी स्वामित्व का गौरव बन गया है। इस प्रकार छोड़ का ग्रामीण शिविर गोविन्द राम के लिए वरदान साबित हुआ एवं आवासीय भूखण्ड का हमेशा के लिए असली मालिकाना हक मिल गया।

### शहरी सेवा शिविर बना भरोसे का आधार

# 33 दिनों में 692 पट्टे जारी, सैकड़ों परिवारों के सपनों को मिला स्थायी पता




**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित शहरी सेवा शिविर आमजन के लिए राहत, विश्वास और त्वरित प्रशासनिक सेवाओं का बेहत्तर उदाहरण देखने को मिला। नगर निगम जोधपुर ने 12 जून से मंगलवार तक आयोजित हुए शिविरों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए कुल 692 पट्टे जारी किए।

आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि इस बार शिविरों में बड़ी संख्या में सुव्यवस्थित एवं पूर्ण दस्तावेजों के साथ आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवश्यक अभिलेखों का नियमानुसार परीक्षण कर पात्र प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण किया गया। नगर निगम का प्रयास रहा कि प्रत्येक आवेदन का निर्धारित समय से पहले ही समाधान हो, जिसका सकारात्मक परिणाम यह रहा कि अधिकांश प्रकरणों का सफलतापूर्वक निस्तारण कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जिन आवेदनों में तकनीकी या अन्य कारणों से प्रक्रिया शेष है, उन्हें भी शिविर समाप्त होने के बाद भी प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारित किया जाएगा। आयुक्त ने बताया कि शिविर के दौरान 69-ए योजना के 423 पट्टे, कच्ची बस्ती के 132 पट्टे तथा नगर निगम की स्वयं की योजना के 137 पट्टे जारी किए गए।

निगम आयुक्त जैन ने बताया कि यह केवल एक प्रशासनिक आंकड़ा नहीं है, बल्कि उन सैकड़ों परिवारों के जीवन में सुरक्षा, आत्मविश्वास और स्थायित्व का नया अध्याय है, जिन्हें अपने आवास का वैध अधिकार प्राप्त हुआ। पट्टा मिलने के बाद लाभार्थियों के चेहरों पर आई मुस्कान और उनके मन में जागा विश्वास ही इस अभियान की सबसे बड़ी सफलता है। आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि इस सफलता में दैनिक मॉनिटरिंग और सशक्त टीम वर्क की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिविर अवधि के दौरान प्रत्येक सुबह संबंधित अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की विस्तृत जानकारी ली जाती थी तथा उसी दिन उनके त्वरित निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए जाते थे। शाम को पुनः सभी प्रकरणों की समीक्षा कर प्रगति का फॉलोअप लिया जाता था। इस सतत निगरानी व्यवस्था से अधिकारियों और कर्मचारियों में जवाबदेही बढ़ी तथा कार्यों में अपेक्षित गति आई। उन्होंने कहा कि नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मिशन मोड में समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए शिविरों को सफल बनाया।

## धोलिया निवासी वरिष्ठ नागरिक सुखराम को शिविर में रियायती बस यात्रा का मिला स्मार्ट कार्ड

**जैसलमेर (हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम पंचायत धौलिया में आयोजित शिविर धोलिया निवासी सुखराम के लिए राहतदायी रहा एवं रियायती बस यात्रा के स्मार्ट कार्ड बनाने के लिए कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने के बाद भी नहीं बना, लेकिन शिविर की बदौलत सुखराम का स्मार्ट कार्ड बन गया। शिविर प्रभारी तहसीलदार पोकरण हजारा राम के समक्ष शिविर में सुखराम ने रोड़वेज बस यात्रा के रियायती स्मार्ट कार्ड बनाने के संबंध में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने संवेदनशीलता दिखाते हुए शिविर में उपस्थित रोड़वेज कार्मिकों को कार्ड बनाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वहां पर रोड़वेज के कार्मिकों ने सुखराम के दस्तावेजों की जांच एवं सत्यापन कर ऑनलाईन पंजीयन किया एवं उसका हाथोहाथ स्मार्ट कार्ड बन गया। शिविर प्रभारी ने सुखराम को अपने हाथों से स्मार्ट कार्ड प्रदान किया तो उसके चेहरे पर राहत की मुस्कान आ गई एवं उसने कहा कि पूर्व में इस कार्य के लिए प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। शिविर की बदौलत आज उसका रियायती बस यात्रा का कार्ड बन गया। अब वह रोड़वेज की बसों में रियायती दर पर बस यात्रा का पूरा लाभ ले सकेगा। इस प्रकार धौलिया का शिविर सुखराम के लिए राहतदायी साबित हुआ।

## छोड़ शिविर में दो सहमति बंटवारा से 20 खातेदारों को मिली राहत

**जैसलमेर, (हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम पंचायत छोड़ में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर 20 खातेदारों के लिए असली भूमि का स्वामित्व देने वाला साबित हुआ। वर्षो से अपने हक की भूमि की आश लिए बैठे 20 खातेदारों को शिविर की बदौलत उनके हक की भूमि का असली मालिकाना हक मिल गया। इन सभी परिवारों ने संवेदनशील मुख्यमंत्री जी के साथ ही राजस्व प्रशासन का आभार जताया एव कहा कि आज हम को बहुत बड़ी राहत बिना खर्चे के मिली है।

इन खातेदारों ने शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी भरत राज गुर्जर एवं नायब तहसीलदार महेश कुमार के समक्ष आपसी सहमति से बंटवारा करने के संबंध मे प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया तो उपखण्ड अधिकारी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए भू-अभिलेख निरीक्षक एव पटवारी को दोनों सहमति बंटवारा मे बंटवारा प्रकरण तैयार कर नई जमाबंदी बनाने के निर्देया दिए।

## ओलंपियन विवान को जोधपुर के जुनैद ने दी टक्कर

**जयपुर।** 24वीं राजस्थान स्टेट ओपन शूटिंग चैंपियनशिप (शॉटगन ट्रैप) में जोधपुर के शूटर सैयद जुनैद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओलंपियन और एशियन मेडलिस्ट विवान कपूर को अंत तक कड़ी चुनौती दी। पहले दिन ही जुनैद ने 25 में से 24 सटीक निशाने लगाकर विवान कपूर की बराबरी कर सभी को चौंका दिया था। दूसरे दिन भी जुनैद ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 25 में से 23 निशाने साधे और मुकाबले को बेहद रोमांचक बनाए रखा। फाइनल चरण में ओलंपियन विवान कपूर ने 25 में से 24 निशाने लगाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं उद्दव सिंह और सैयद जुनैद दोनों ने 23-23 अंक अर्जित किए। हालांकि प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार उद्दव सिंह को रजत पदक और सैयद जुनैद को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

## जेएनवियू स्थापना दिवस पर एनएसयूआई ने लोकनायक व्यास की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के 64वें स्थापना दिवस के अवसर पर एनएसयूआई जोधपुर शहर द्वारा जिला अध्यक्ष डॉ. बबलू सोलंकी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के नए परिसर स्थित लोकनायक जयनारायण व्यास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

जिलाध्यक्ष डॉ. सोलंकी ने बताया कि 14 जुलाई 1962 को स्थापित जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय आज पश्चिमी राजस्थान ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। पिछले 64 वर्षों की गौरवशाली यात्रा में इस विश्वविद्यालय ने देश और समाज को हजारों शिक्षाविद, वैज्ञानिक, न्यायविद, प्रशासक, जनप्रतिनिधि, उद्योगपति, शोधकर्ता एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तित्व दिए हैं। कार्यक्रम में एनएसयूआई विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष जुझार सिंह चौधरी, जिला उपाध्यक्ष ऋषि गहलोत ऋषि कछवाहा, जिला महासचिव रोहित मेहरा, जिला सचिव ललित चावरिया , शेरू गुंदी विनोद सोलंकी, राजू देवासी सहित एनएसयूआई के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

फोन न. 0145-2429953,2433813 Email- ajmermc@gmail.com

क्रमांक F.10/50/M/GARDEN/AMC/2026-27/102 दिनांक 02.07.2026

**ई-टेण्डरिगं-निविदा-सूचना**

नगर निगम,अजमेर की ओर से केंद्र एवं राज्य सरकार में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत मैसर्स फर्म/संवेदक से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया से विद्युतशाखा द्वारा **नगर निगम क्षेत्र में नगर निगम अजमेर की ओर से पटेल स्टेडियम स्पोर्ट्स क्लब स्थित ए-ब्लॉक के डीलक्स कमरो एवम् सूईट के रूप में आगामी 3 वर्ष + (2 वर्ष वृद्धिकार्य संतोषप्रद होने पर) वर्षो तक संचालन एवम् संधारण का कार्य** हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो निम्नलिखित दिनांक अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी।

| | कार्य का विवरण | निविदा राशि | अमानत राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग फीस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम अजमेर की ओर से पटेल स्टेडियम स्पोर्ट्स क्लब स्थित ए-ब्लॉक के डीलक्स कमरो एवम् सूईट के रूप में आगामी 3 वर्ष +(2 वर्ष वृद्धि कार्य संतोषप्रद होने पर) वर्षो तक संचालन एवम् संधारण का कार्य। | 11.50 लाख रूपये | 23000 रूपये | 1000/- रू. | 500/- रू. |

| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की दिनांक व समय | निविदा ऑनलाईन भरकर देने की दिनांक व समय | तकनिकी निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|
| 10.07.2026 सायं 6.00 बजे से प्रारम्भ | 10.07.2026 सायं 6.00 बजे से 20.07.2026 साय 6.00 बजे तक | 21.07.2026 प्रात; 11.00 बजे |

| | |
|---|---|
| वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक व समय | तकनिकी बिड् के सफलतम निविदादाताओं को नेट के माध्यम से सूचित कर दिया जायेगा। |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की वेबसाईट | www.eproc.rajasthan.gov.in www.sppp.rajasthan.gov.in |

1. प्रोसेसिंग फीस / निविदा शुल्क/ बिड सिक्योरिटी राशी डी.डी. /बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक से मान्य नही होगी ।
2. RTPP नियमानुसार बिड सिक्योरिटी राशी देय होगी।
3. शेष शर्तो की जानकरी निम्नलिखित वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB Code : ANN2627A0058
UBN Code : ANN2627SLOB00080
राज.संवाद/सी/26/6952


## जोधपुर शहर के सभी क्षेत्रों में 17 जुलाई को जलापूर्ति बन्द रहेगी

**जोधपुर।** ग्रीष्म ऋतु के लिए जल भंडारण एवं विद्युत व्यवधान के दृष्टिगत तथा जोधपुर शहर के फिल्टर प्लांट, पम्प हाउस, पाईप लाईनों के आवश्यक रख रखाव व सफाई के लिए 17 जुलाई को जोधपुर शहर के समस्त फिल्टर हाउस से सभी क्षेत्रों में जलापूर्ति बन्द रहेगी। अतः जोधपुर शहर के कायलाना, चौपासनी व सुरपुरा फिल्टर हाउस से संबन्धित सभी क्षेत्रों में 17 जुलाई को होने वाली जलापूर्ति 18 जुलाई को तथा 18 जुलाई को होने वाली जलापूर्ति 19 जुलाई को की जावेगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर वृत जोधपुर की अधीक्षण अभियंता श्री राजेंद्र मेहता ने बताया कि झालामण्ड एव तख्त सागर फिल्टर हाउस से जुडे क्षेत्र सरस्वती नगर, एवं कुडी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड के विभिन्न सेक्टरों एवं पाल बाईपास, शिल्पग्राम के आस पास क्षेत्रो में 17 जुलाई को सुबह 10:00 बजे तक की जाने वाली जलापूर्ति सामान्य रुप से होगी तथा इन क्षेत्रों में 18 जुलाई को की जाने वाली जलापूर्ति 19 जुलाई को एवं 19 जुलाई को की जाने वाली जलापूर्ति 20 जुलाई को होगी।


ADVT



राजस्थान-सरकार

**कार्यालय नगरपालिका-बाप ( फलौदी )**

क्रमांक : न.पा./2026-27/4162 **आपत्ति-आमन्त्रण सूचना** दिनांक : 13.07.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदक द्वारा अपनी आबादी भूमि में नामान्तरण स्वीकृति कराने सम्बन्धित चैनल दस्तावेज मय ब्लू प्रिन्ट, नक्शा, पट्टा मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगर पालिका में नामान्तरण हेतु आवेदन पेश किया है। उस पर जिस किसी को आपत्ति/ऐतराज हो तो आपत्ति जारी होने की तिथि से 07 दिवस के अन्दर मियाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में अपनी आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें। बाद मियाद आपत्ति नहीं होगी। सूचित रहे।

| क्र. सं. | नाम | प्लॉट का विवरण | क्षेत्रफल वर्गफुट में | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | आवेदन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सायरी देवी पत्नी श्री रामचन्द्र | प्लॉट नं. 55, शंकरनगर, ग्राम-बाप | 1250 | प्लॉट नं. 54 | प्लॉट नं. 56 | प्लॉट नं. 16 | 24 चौड़ा रास्ता | नामान्तकरण/ उपविभाजन |
| 2. | श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री मिश्रीलाल पुरोहित | दुकान भूखण्ड नं. 94, बापू कॉलोनी, बाप | 300 | मुख्य सड़क | रास्ता 10 फुट चौड़ा | दुकान भूखण्ड नं. 93 | दुकान भूखण्ड नं. 95 | नामान्तकरण/ उपविभाजन |
| 3. | श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री मिश्रीलाल पुरोहित | पट्टा नं. 253, व्यासों का बास, बाप | 1453 | श्री पूनम चन्द थानवी | रास्ता | रास्ता | जैतून पत्नी मोलाबक | नामान्तकरण/ उपविभाजन |
| 4. | श्री रामूराम पुत्र श्री बीजाराम | पट्टा नं. 620, मिसल नं. 5 आदर्श कॉलोनी | 200 | भूखण्ड नं. 4 | भूखण्ड नं. 2 | इसी पट्टे का शेष भूखण्ड नं. 5 | न.एच.- 11-5 | नामान्तकरण/ उपविभाजन |
| 5. | श्री इन्द्राज पुत्र श्री बनवारी लाल | बोहरों का बास, बाप, तहसील बाप | 1800 | लूणकरण पुत्र श्री खेतसीदास पालीवाल व श्रीकरणाराम पुत्र श्री बकुराम कुम्हार की जायगा | 20 फुट चौड़ा रास्ता व आगे श्री तेजपाल पुत्र श्री चुन्नीलाल पालीवाल | इसी पट्टा का शेष भूखण्ड मुझ विक्रेता का भूखण्ड है | इसी पट्टा में से दिनेश कुमार को बेचान किया गया भूखण्ड | नामान्तकरण/ उपविभाजन |
| 6. | श्री भगवानाराम पुत्र श्री लालूराम नाई | पट्टा नं. 620, मिसल नं. 5, मूल भूखण्ड नं. 5 | 200 | भूखण्ड नं. 4 | भूखण्ड नं. 2 | इसी पट का शेष भूखण्ड नं. 5 | 10 चौड़ा फीट रास्ता | नामान्तकरण/ उपविभाजन |
| 7. | श्री भजनलाल पुत्र श्री जगदीशराम विश्नोई | पट्टा नं. 620, मिसलन 5, मूल भूखण्ड नं. 5, बाप तहसील-बाप | 400 | भूखण्ड नं. 4 | भूखण्ड नं. 3 | इसी पट का शेष भूखण्ड नं. 5 | 10 चौड़ा फीट रास्ता | नामान्तकरण/ उपविभाजन |

अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, बाप

# ए.एस.पंवार के अध्यक्ष और बालूसिंह रावणा के युवा अध्यक्ष मनोनीत होने पर ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत व अभिनंदन



**सिवाना (हुक्मनामा समाचार)।** क्षेत्र के राखी गांव में रावणा राजपूत समाज के प्रांतीय चुनाव में समदड़ी तहसील के अध्यक्ष के पद पर अशोकसिंह पंवार तथा युवा अध्यक्ष के पद पर बालूसिंह रावणा राखी के निर्विरोध मनोनीत होने पर अपने पैतृक गांव पहुंचने पर समाज के नागरिकों व ग्रामीणजनों ने किया भव्य स्वागत। ग्रामवासियों द्वारा साफा व माला द्वारा भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया तथा उन्हें मिली नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर भगवतसिंह चौहान, भंवरसिंह भाटी, जसवंत सिंह पंवार, जैताराम प्रजापत पोकरराम मेघवाल,भेराराम प्रजापत, स्वरूपसिंह राव ,श्रवणदान, डूंगर सिंह राव, पारसराम गर्ग मुमताज खान छोगाराम पाविया, जेठाराम लोहार आदि ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# राजकीय आईटीआई फलोदी के दीपक कुमार भणभेरू बने जिला व संभाग स्तरीय ब्रांड एंबेसडर



**फलोदी, (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) फलोदी के पूर्व प्रशिक्षार्थी दीपक कुमार भणभेरू का फलोदी जिला एवं जोधपुर संभाग स्तर पर आईटीआई ब्रांड एंबेसडर के रूप में चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह (आईएएस) ने उन्हें ब्लेज़र पहनाकर, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। दीपक अब 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस–2026 के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जोधपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे, जहां उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। दीपक ने वर्ष 2024–25 में आईटीआई फलोदी से मैकेनिक डीजल ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद स्वरोजगार अपनाते हुए ट्रैक्टर वर्कशॉप और ट्रैक्टर पार्ट्स का व्यवसाय शुरू किया। वर्तमान में वे कई युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा रहे हैं। उनकी इसी प्रेरक सफलता को देखते हुए उन्हें ब्रांड एंबेसडर चुना गया। कार्यवाहक अधीक्षक विक्रम सिंह मेहरा ने इसे संस्थान और जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

# तकनीकी सुधार से अंतिम छोर तक पहुंचा पानी, घर-घर समय पर पहुंच रही पानी की सूचना

**भोपालगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** भोपालगढ़ शहर और नगरपालिका क्षेत्र की ढाणियों में जलापूर्ति व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और सुचारु बनाने के लिए जलदाय विभाग ने सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग शुरू किया है। पिछले कुछ महीनों से विभाग विभिन्न जोन के उपभोक्ताओं तक जलापूर्ति का समय, शटडाउन और अन्य जरूरी सूचनाएं सोशल मीडिया के माध्यम से नियमित रूप से पहुंचा रहा है। इसका असर यह हुआ है कि लोगों को पहले की तरह पानी आने के समय को लेकर अनिश्चितता का सामना नहीं करना पड़ रहा है और शिकायतों में भी कमी आई है।

कनिष्ठ अभियंता ममता बैंदा ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से नियमित सूचना प्रसारित होने से जलापूर्ति संबंधी शिकायतों में काफी कमी आई है। लोगों को अब यह स्पष्ट जानकारी मिल रही है कि सभी मोहल्लों में निर्धारित अंतराल के अनुसार समय-समय पर जलापूर्ति की जा रही है। इसके अलावा नए वाल्व और पाइपलाइन लगाकर व्यवस्था में लगातार सुधार किया जा रहा है। आसपास की ढाणियों के अंतिम छोर तक जलापूर्ति बेहतर बनाने का भी दावा किया गया है। नए वाल्व, इंटरकनेक्शन और पाइपलाइन विस्तार जैसे कार्यों से कई क्षेत्रों में व्यवस्था मजबूत की गई, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों तक भी पानी की उपलब्धता में सुधार हुआ।

गर्मी के दौरान जलदाय विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर कई तकनीकी सुधार किए। गाइडर रोड, आरासपुरा रोड, जोधपुर रोड, हीरालालसर चौराहा सहित शहर के कई हिस्सों में नए वाल्व लगाए गए। विभिन्न ढाणियों को इंटरकनेक्शन के माध्यम से जोड़कर जलापूर्ति व्यवस्था मजबूत की गई, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों तक भी पानी की उपलब्धता में सुधार हुआ। पानी की उपलब्धता पहले की तुलना में बेहतर हुई है।

# कुशलगढ़ धर्मांतरण प्रकरण में आरोपियों की जमानत याचिका हाईकोर्ट से खारिज

**पीपाड़ शहर (हुक्मनामा समाचार)।** बहुचर्चित कुशलगढ़ धर्मांतरण प्रकरण में राजस्थान उच्च न्यायालय ने आरोपियों को राहत देने से इनकार करते हुए उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुनील बेनिवाल ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी अनिल पुत्र देवजी रावत, नितेश पुत्र प्रेमचंद डामोर, दिलीप पुत्र हलिया रावत, वरदेश पुत्र बाबू डामोर, प्रवीण पुत्र श्यामजी डामोर व पंकज पुत्र तेरसिंह डामोर, निवासी कलिंजरा की ओर से प्रस्तुत जमानत याचिकाओं को निरस्त कर दिया ।प्रार्थी रवि भाभोर की ओर से अधिवक्ता मोती सिंह ,पुष्पेन्द्र न्यायालय के समक्ष मामले के तथ्य व कानूनी पक्ष विस्तार से प्रस्तुत किए।

राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2025 की धाराओं का उल्लेख करते हुए लोक अभियोजक ललित किशोर सेन ने बताया कि आरोपियों पर अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को कथित रूप से प्रलोभन देकर सामूहिक धर्मांतरण करने के गंभीर आरोप हैं। अधिनियम के तहत यह अपराध कठोर दंडनीय है, जिसमें न्यूनतम 20 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास व अधिकतम 25 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। न्यायालय को यह भी बताया कि स्थानीय लोगों की ओर से विरोध किए जाने पर आरोपियों ने कथित रूप से जानलेवा हमला किया, जिसमें कई लोग घायल हुए।

### टंकी का घेराव कर किया प्रदर्शन

# बुचेटी में पेयजल संकट पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

## टैंकरों से दूसरे गांवों में पानी बेचने का आरोप, अवैध कनेक्शन हटाने और नियमित जलापूर्ति की मांग।



**बावड़ी (हुक्मनामा समाचार)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बुचेटी में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण जलदाय विभाग (क्क॥श्वष्ठ) की पानी की टंकी के चारों ओर धरने पर बैठ गए और विभाग के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की आबादी के अनुरूप पेयजल आपूर्ति नहीं की जा रही है। उनका कहना है कि बुचेटी के हिस्से का पानी टैंकरों के माध्यम से अन्य गांवों में सप्लाई किया जा रहा है, जबकि गांव में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में 5 से 6 दिन के अंतराल में पानी छोड़ा जाता है, जबकि गांव में हर चौथे दिन पेयजल की आवश्यकता रहती है।

ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी और कम बारिश के कारण नदी, तालाब और अन्य जल स्रोत पूरी तरह सूख चुके हैं। ऐसे में पूरा गांव सरकारी पेयजल आपूर्ति पर निर्भर है। गांव की पानी की खेलियां (पशुओं के लिए बनी पानी की टंकियां) भी खाली पड़ी हैं, जिससे गोवंश और अन्य मवेशी पानी के अभाव में परेशान हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन और जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया। हाल ही में आयोजित ग्राम सेवा शिविर में भी लिखित ज्ञापन दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ। ग्राम पंचायत के प्रशासक प्रतिनिधि फिरोज खान ने कहा कि गांव के हक का पानी दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को समय पर पानी नहीं मिल रहा है। साथ ही मुख्य पाइपलाइन पर अवैध कनेक्शनों के कारण भी पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

# पंच गौरव योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

**जालोर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के निर्देशानुसार पंच गौरव योजना के अन्तर्गत स्वीकृत बजट प्रावधानों एवं कार्य योजना की क्रियान्वति के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेंद्र सिंह चांदावत की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने वन विभाग, उद्यानिकी विभाग, खेल विभाग एवं उद्योग विभाग के नोडल अधिकारियों को एक जिला-एक उपज अनार, उद्योग-ग्रेनाइट, पर्यटन स्थल-सुंधा माता, एक प्रजाति-जाल वृक्ष व खेल-बॉक्सिंग के उन्नयन, विकास एवं कार्ययोजना तैयार कर अवगत करवाने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में भीनमाल उपखण्ड अधिकारी मोहित कासनिया, उप वन संरक्षक जयदेव सिंह चारण, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त निदेशक कपिल लूणा व आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक किशनसिंह राजपुरोहित उपस्थित रहे।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिए विद्यालयों में पुस्तकों का वितरण



## प्रधानाचार्य मनमोहन पुरोहित बोले- भारतीय संस्कृति 'जियो और जीने दो' के सिद्धांत पर आधारित

**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार एवं राज्य सरकार के तत्वावधान में आयोजित होने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के तहत गायत्री शक्ति पीठ ओसियां द्वारा फलोदी के स्थानीय विद्यालयों में संपर्क कर विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी पुस्तकों का वितरण किया गया। इस दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी के प्रधानाचार्य मनमोहन पुरोहित ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नैतिक शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीन एवं महान संस्कृतियों में से एक है, जो 'जियो और जीने दो' के सिद्धांत पर आधारित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग सोशल मीडिया और मोबाइल की ओर अधिक आकर्षित हो गया है, जिससे सामान्य ज्ञान और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति रुचि कम होती जा रही है। हालांकि अब धीरे-धीरे लोग अपनी परंपराओं और पूर्वजों की संस्कृति की ओर लौट रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु जीवन के लिए भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों को अपनाने का आह्वान किया।

परीक्षा संयोजक मोतीलाल सोनी ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यह परीक्षा भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और सामान्य ज्ञान को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

# ग्रामीण सेवा शिविर में भूमि का पट्टा मिलने से तुलसाराम को मिली राहत

**सांचौर।** ग्राम पंचायत पहाड़पुरा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान तुलसाराम को स्वामित्व योजना के तहत भूमि का पट्टा प्रदान किया गया। लाभार्थी तुलसाराम ने बताया कि लंबे समय से पट्टा नहीं होने के कारण उन्हें विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने अपनी समस्या शिविर प्रभारी के समक्ष रखी। शिविर प्रभारी के निर्देश पर संबंधित विभाग के कार्मिको द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आवश्यक सत्यापन पूर्ण करवा कर उन्हें अपनी भूमि का पट्टा प्रदान किया गया। पट्टा मिलने से अब उन्हें भूमि का वैधानिक अधिकार प्राप्त हो गया है तथा भविष्य में विभिन्न सरकारी योजनाओं, ऋण एवं अन्य सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा।

इस अवसर पर तुलसाराम ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

# बालोतरा के बंद उद्योगों को पुनः शुरु कराने की मांग

## पर्यावरण संरक्षण के साथ उद्योग संचालन का निकले समाधान, मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

## मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर शीघ्र समाधान की मांग की।



**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** बालोतरा, जसोल और बिठूजा क्षेत्र के पिछले करीब डेढ़ माह से बंद पड़े वस्त्र उद्योगों को पुन: शुरू कराने की मांग को लेकर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मदनराज चोपड़ा ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उद्योग बंद रहने से उत्पन्न आर्थिक संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से शीघ्र समाधान निकालने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया कि उद्योग बंद होने से हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए हैं, जबकि छोटे उद्यमियों की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है। इसके अलावा उद्योगों से जुड़े सैकड़ों व्यापारियों के अन्य राज्यों की ओर पलायन करने की नौबत आ गई है। उद्योगों के बंद रहने का असर केवल उद्योगपतियों तक सीमित नहीं है, बल्कि रेहड़ी-ठेला संचालकों, दुकानदारों, खोमचा विक्रेताओं, टैक्सी व मालवाहक वाहन चालकों सहित अनेक लोगों की आजीविका भी प्रभावित हुई है।

ज्ञापन में कहा गया कि पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है और प्रदूषण से किसानों की भूमि तथा नदी-नालों को नुकसान नहीं होना चाहिए। इसके लिए नियमानुसार प्रभावी व्यवस्था भी की जानी चाहिए। साथ ही सरकार ऐसी व्यवहारिक योजना तैयार करे, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ उद्योगों का संचालन भी संभव हो सके।

मदनराज चौपड़ा ने मुख्यमंत्री से राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (आरपीसीबी) को नियमों के तहत आवश्यक निर्देश जारी कर उद्योगों को राहत देने तथा सकारात्मक समाधान प्रस्तुत करने की मांग की। उन्होंने कहा कि उद्योगों के बंद रहने से दिहाड़ी मजदूरों के सामने आर्थिक तंगी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, इसलिए सरकार इस संकट का शीघ्र समाधान कर हजारों परिवारों की रोजी-रोटी बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाए।

# ग्राम साथीन में 2 अगस्त को 'महिला सम्मेलन एवं श्रावण महोत्सव' का भव्य आयोजन होगा

**पीपाड़ शहर (हुक्मनामा समाचार)।** समीपवर्ती साथीन गांव में नारी शक्ति का सम्मान और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगामी 2 अगस्त रविवार को महिला सम्मेलन एवं श्रावण महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा कार्यक्रम ग्राम पंचायत साथीन स्थित रूपमुनि रुखीदेवी गौशाला के सभागार में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नारी शक्ति की प्रतीक अंतरराष्ट्रीय फैशन डिजाइनर एवं ग्रामीण विकास व चेतना संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती रूमा देवी चौधरी होंगी। वहीं कशीदाकारी और हस्तशिल्प के माध्यम से 22 हजार से अधिक ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली रूमा देवी के अनुभव इस अवसर पर क्षेत्र की महिलाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे।

जिला परिषद सदस्या दिव्या कुड़िया और रामनिवास कुड़िया ने बताया कार्यक्रम में विधायक गीता बड़वड़ भोपालगढ, समाज सेविका शारदा चौधरी पाली लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी संगीता बेनीवाल महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्नी देवी गोदारा जिला कांग्रेस देहात कोषाध्यक्ष प्रमिला चौधरी प्रधान पीपाड़ शहर सोनिया चौध पूर्व राज्य मंत्री कमसा मेघवाल प्रधान श्रीमती शांति जाखड़ अध्यक्ष देहात महिला कांग्रेस विजय लक्ष्मी पटेल कौशल्या चौधरी, रितिका चौधरी, चिन्नु चौधरी सहित अनेक महिला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति रहेगी।

जिला परिषद सदस्या श्रीमती दिव्या कुड़ियां ने बताया कि यह कार्यक्रम भोपालगढ़ विधानसभा क्षेत्र से महिला उत्थान, नारी शक्ति को सशक्त बनाने और ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष चर्चा होगी। श्रावण माह के उपलक्ष्य मे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

# ग्रामीण सेवा शिविर में ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

**जालोर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले की ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों में आमजन को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविरों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, कृषि, चिकित्सा, पंचायतीराज सहित अन्य विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान कर आवश्यक प्रमाण-पत्र एवं स्वीकृतियां जारी की गईं।

जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि मंगलवार को जिले की तडवा, चवरछा, धुम्बडिया, कोमता, खानपुर, चितरोडी, खासरवी तथा पहाडपुरा ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का संबंधित विभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही समाधान किया।

निर्धारित कार्यक्रमानुसार 15 जुलाई, बुधवार को जालोर उपखंड की उम्मेदाबाद, आहोर की शंखवाली, बागोड़ा की बागोडा, सायला की आलवाडा, जसवंतपुरा की मोदरा, रानीवाड़ा की रानीवाडा खुर्द, चितलवाना की केसूरी तथा सांचौर उपखंड की चौरा ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# शहरी सेवा शिविर में नागरिकों को मिली त्वरित राहत

**जालोर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के नगरीय क्षेत्रों में आयोजित शहरी सेवा शिविरों में नागरिकों को विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। शिविरों में पट्टे, जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, सफाई एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने उपस्थित होकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया।

शहरी सेवा शिविरों के अंतर्गत नगर परिषद जालोर की वार्ड संख्या 1 से 40 तक के लिए 15 जुलाई को नगर परिषद सभागार में फॉलोअप शिविर आयोजित होंगे। वहीं नगर पालिका आहोर की वार्ड संख्या 16 से 25 के लिए 15 जुलाई को फॉलोअप शिविर आयोजित किए जाएंगे, इसी प्रकार नगर पालिका सांचौर की वार्ड संख्या 1 से 35 तथा नगर पालिका भीनमाल में वार्ड संख्या 1 से 40 के लिए 15 जुलाई को फॉलोअप शिविर आयोजित होंगे।


ADVT

मौके पर ही हो रहा आमजन की समस्याओं का समाधान

राज्य सरकार का विजन अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे लाभ

# जनकल्याण की नई मिसाल बन रहे शहरी सेवा शिविर



## एक महीने में 7,701 शिविरों के जरिए लाखों परिवारों तक पहुंची सरकार, 91 हजार से अधिक जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन जारी

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा शहरी सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं और नागरिक सेवाओं का लाभ अब लोगों के घर के नजदीक ही मिल रहा है, जिससे सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से लोगों को राहत मिली है। राज्य सरकार द्वारा 12 जून से 13 जुलाई के बीच प्रदेशभर में 7 हजार 701 शहरी सेवा शिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान 38 हजार 494 पट्टे, 12 हजार 163 नाम हस्तांतरण और 6 हजार 811 भवन मानचित्र प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की गई। साथ ही, शिविरों में 91 हजार 599 जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र तथा 5 हजार 644 ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र जारी किए गए। राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना है।

इन शिविरों की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं भी समय-समय पर निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान वे लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं और सेवाओं के क्रियान्वयन के संबंध में फीडबैक ले रहे है।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि शिविर के माध्यम से आमजन को त्वरित राहत मिले तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से पहुंचे।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश विकास और जनकल्याण के नए आयामों तक पहुंच रहा है।

### स्वच्छता, सुशासन एवं शहरी विकास हो रहा सुनिश्चित

शहरी क्षेत्रों में जलभराव एवं कचरे की समस्या को दूर कर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 25 हजार 448 कचरा संभावित केंद्र समाप्त किए गए तथा 2 हजार 517 नए सीवर कनेक्शन भी स्वीकृत किए गए। शहरों की आंतरिक सड़कों पर पर्याप्त रोशनी के लिए 19 हजार 978 नई स्ट्रीट लाइट लगाने के साथ 62 हजार 42 स्ट्रीट लाइटों को दुरूस्त किया गया। शिविरों में 38 हजार 381 विद्युत कनेक्शन जारी करने के अलावा पालनहार योजना में 11 हजार 132 बच्चों के नव सत्यापन और पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 17 हजार 354 आवेदन प्राप्त कर छोटे कारोबारों के लिए ऋण स्वीकृतियां जारी की गई।

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं कर रहे मॉनिटरिंग एवं निरीक्षण**



## प्रदेश की 63 हजार आंगनबाड़ियों में आयोजित हुई PAM बैठक

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हर माह अमावस्या को आयोजित की जाने वाली PAM बैठक मंगलवार को प्रदेश के समस्त 63 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित की गई। आईसीडीएस निदेशक वासुदेव मालावत ने बताया कि PAM बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावकों के साथ बच्चों की प्रगति, स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा पर चर्चा की गई। बैठक में पुरुष सदस्यों - पिता, दादा, चाचा को भी आमंत्रित कर उनकी सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया। निदेशक ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त उप निदेशक, बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं लेडी सुपरवाइजर द्वारा PAM बैठक का निरीक्षण किया गया। आईसीडीएस निदेशक द्वारा मालवीय नगर सेक्टर 10 में आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित क्रू मीटिंग का किया गया निरीक्षण आईसीडीएस निदेशक वासुदेव मालावत द्वारा मंगलवार को परियोजना जयपुर-2 के मालवीय नगर सेक्टर 10 में आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित PAM मीटिंग का निरीक्षण किया गया। उन्होंने PAM मीटिंग में बच्चों के अभिभावकों से बच्चों की गतिविधियों, व्यवहार परिवर्तन एवं पोषण से संबंधित जानकारी ली साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



## स्टेट मिशन निदेशक ने किया राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर का निरीक्षण

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को आजीविका परियोजनाएँ एवं स्वयं सहायता समूह की स्टेट मिशन निदेशक प्रियंका गोस्वामी ने शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर का निरीक्षण कर विभाग से संबंधित परिवादों एवं उनके निस्तारण की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान गोस्वामी ने विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, निस्तारित एवं लंबित प्रकरणों, परिवादियों के संतुष्टि प्रतिशत, राज्य के औसत निस्तारण समय की तुलना में विभागीय निस्तारण समय तथा विषयवार शिकायतों के वर्गीकरण की समीक्षा की। उन्होंने ऐसे विषयों की भी विशेष समीक्षा की, जिन पर समान प्रकृति की शिकायतें अधिक संख्या में प्राप्त हो रही हैं तथा उनके प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। गोस्वामी ने कहा कि शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग तथा परिवादियों की संतुष्टि बढ़ाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समान प्रकृति की शिकायतों का विश्लेषण कर उनके मूल कारणों का समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे भविष्य में ऐसी शिकायतों की पुनरावृत्ति कम हो सके।

प्रदेशभर में 15 जुलाई से 5 दिन चलेगा अभियान

# सभी गर्भवती महिलाओं की होगी सघन स्क्रीनिंग



- प्रसवपूर्व जांच सेवाओं को किया जाएगा सुदृढ़
- प्रत्येक गर्भवती के स्वास्थ्य पर रखी जाएगी नियमित निगरानी
- लेबर रूम और ओटी गाइडलाइन की पालना सख्ती से करें

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने एवं मातृ मृत्यु दर को और कम करने के लिए प्रदेशभर में सभी गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य मानकों की सघन स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके लिए 15 जुलाई से 5 दिवसीय अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जांचों का रिकॉर्ड संधारित कर उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी रखी जाएगी। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक में इस संबंध में प्रदेश के सभी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फील्ड में कार्यरत आशा वर्कर, एएनएम एवं सीएचओ के माध्यम से स्क्रीनिंग का यह कार्य पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ करवाया जाए। गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच एवं नियमित स्क्रीनिंग में किसी भी तरह की लापरवाही पर आशा वर्कर, एएनएम, सीएचओ एवं संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

**आशा वर्कर, एएनएम एवं सीएचओ की जिम्मेदारी होगी तय**

बैठक में चिकित्सा शिक्षा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, निदेशालय स्तर के अधिकारियों सहित सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, आरसीएचओ, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि मातृ मृत्यु की प्रत्येक घटना अत्यंत गंभीर है और इसे रोकने के लिए गर्भावस्था की शुरुआत से लेकर प्रसव एवं प्रसवोत्तर अवधि तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अधिकांश मातृ मृत्यु के मामलों में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) की पहचान और समयबद्ध प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए प्रत्येक गर्भवती महिला का गर्भधारण के प्रथम 12 सप्ताह के भीतर पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए तथा सभी सूचनाएं पीसीटीएस पोर्टल पर समय पर दर्ज की जाएं।

**अनिवार्य रूप से हो एएनसी जांच-** राठौड़ ने निर्देश दिए कि प्रत्येक गर्भवती महिला की कम से कम चार गुणवत्तापूर्ण एएनसी जांच अनिवार्य रूप से कराई जाए। जांच के दौरान रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, वजन, मूत्र परीक्षण, रक्त शर्करा तथा अन्य आवश्यक परीक्षण किए जाएं और उनका रिकॉर्ड नियमित रूप से अद्यतन रखा जाए।

उन्होंने सभी जिलों को हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की समय पर पहचान कर उनका अलग ट्रैकिंग सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए। एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, पूर्व सिजेरियन, जुड़वां गर्भ, अत्यधिक रक्तस्राव तथा अन्य जटिलताओं वाले मामलों को चिन्हित कर नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने को कहा।

## वीडीओ पर घूस मांगने का आरोप, एसीबी ने दर्ज किया केस

**कोटा ( हुक्मनामा समाचार )।** बूंदी जिले के केशवरायपाटन पंचायत समिति की ग्राम पंचायत भीया की ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) सोनम नेहरा के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने रिश्वत मांगने के आरोप में मामला दर्ज किया है। आरोप है कि सोनम नेहरा ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत 1.64 लाख रुपए के बिल पास करने के बदले 25 हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। ट्रैप की भनक लगने पर सोनम ने रिश्वत नहीं ली गई। इस मामले में एसीबी ने जांच के बाद 13 जुलाई को ग्राम विकास अधिकारी सोनम नेहरा के खिलाफ मामला दर्ज किया। कोटा एसीबी के एडिशनल एसपी मुकुल शर्मा के नेतृत्व में 7 मई को दो अलग-अलग ट्रैप कार्रवाई की गई थीं। एक कार्रवाई में सखावदा के ग्राम विकास अधिकारी सतवीर सिंह को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया।

किसानों के हित में राजस्थान सरकार की बड़ी पहल

## स्वदेशी जेंडर सॉर्टेड सीमन तकनीक से राजस्थान के पशुपालकों को मिल रहा है अधिक लाभ

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** पशुपालकों की आय में वृद्धि, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने तथा देशी पशुधन के वैज्ञानिक नस्ल सुधार को गति देने के उद्देश्य से राजस्थान सरकार स्वदेशी जेंडर सॉर्टेड सीमन तकनीक के व्यापक उपयोग को गति दे रही है। कम लागत वाली इस आधुनिक तकनीक के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली बछियों के जन्म की संभावना बढ़ती है, जिससे पशुपालकों को दीर्घकालिक आर्थिक लाभ प्राप्त होता है।

इसी दृष्टिकोण के साथ राजस्थान आज देश के उन अग्रणी राज्यों में शामिल है, जहां इस तकनीक को बड़े स्तर पर किसानों के हित में अपनाया जा रहा है। हाल ही में कुछ क्षेत्रों से जेंडर सॉर्टेड सीमन के परिणामों को लेकर शिकायतें प्राप्त हुई थीं।

राज्य सरकार ने पशुपालकों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए तत्काल संज्ञान लिया तथा संबंधित क्षेत्रों सहित विभिन्न स्थानों से रैंडम आधार पर सीमन के नमूने एकत्रित कर उनकी स्वतंत्र वैज्ञानिक जांच के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आई आई एस), बेंगलुरु भेजे। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से प्रमाणित हुआ है कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे जेंडर सॉर्टेड सीमन में 88 से 96 प्रतिशत तक क्रियाशील एक्स-क्रोमोज़ोम वाले शुक्राणु पाए गए हैं, जो कि पूरी तरह गुणवत्तापूर्ण, वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप एवं तकनीकी रूप से शुद्ध है। रिपोर्ट में सीमन की गुणवत्ता व तकनीक में किसी भी प्रकार की कमी नहीं पाई गई।

इस विषय पर पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत एवं पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. सुरेश चंद मीणा ने विभागीय अधिकारियों एवं संबंधित पक्षों के साथ विस्तृत संवाद किया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि राज्य सरकार किसानों के हित में स्वदेशी जेंडर सॉर्टेड सीमन तकनीक के उपयोग के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## सेना के जवान की हार्ट अटैक से मौत

**कोटपूतली-बहरोड़।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के सेना के जवान की सोमवार को ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। पावटा क्षेत्र के गांव लाड़ा का बास निवासी नायब सूबेदार बनवारी लाल खोजा (47) यूपी में मेरठ कैंट में तैनात थे। मंगलवार को उनकी पार्थिव देह घर पहुंची। पार्थिव देह के अंतिम दर्शन के वक्त पत्नी संतरा देवी और बेटी दीपा बिलख पड़ीं। बेटा निशु भी फूट-फूट कर रोने लगा। दोपहर 12 बजे अंतिम संस्कार किया गया। बेटे ने पिता को मुखाग्नि दी।

मुख्य सचिव ने की विद्यालयों के नवाचारों की सराहना, दिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

**राज्य स्तरीय पीएम श्री वेबिनार में 649 संस्था प्रधानों से किया संवाद**

## अनूठे हैं पीएम श्री विद्यालय, इनमें अंतरराष्ट्रीय योगदान देने वाले छात्र निर्माण की क्षमता-मुख्य सचिव

**वेबिनार को बताया इंस्पिरेशनल स्टोरीज के साथ पीयर लर्निंग का अनूठा मंच**



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संचालित पीएम श्री विद्यालयों का राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में सुचारु संचालन किया जा रहा है। ये कहना था मुख्य सचिव वी श्रीनिवास का।

मुख्य सचिव मंगलवार को राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित पीएम श्री राज्य स्तरीय संस्था प्रधान वेबिनार में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। वेबिनार में एनईपी 2020, 21वीं सदी के कौशल एवं खेल आधारित शिक्षा पद्धति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही पीएम श्री विद्यालयों में नवाचार, शैक्षणिक स्तर एवं जारी राशि का सदुपयोग, सह शैक्षणिक गतिविधियों में उपलब्धि, सीएसआर एवं जन सहयोग से किए गए कार्य आदि पर भी चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने संबोधित करते हुए कहा कि पीएम श्री विद्यालय एसटीईएम (विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग, गणित) शिक्षा व नवाचारों के क्षेत्र में रोल मॉडल के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने पीएम श्री विद्यालयों को अनूठा बताते हुए कहा कि इन विद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण योगदान देने वाले उत्कृष्ट छात्र तैयार करने की क्षमता है। उन्होंने ने प्रत्येक पीएम श्री विद्यालय में सुझाव बॉक्स खोलने, अपनी सफलता की कहानियां शेयर करने और छोटे-छोटे नवाचार करने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि छोटी टीम बनाकर कार्य करने और निरंतर मेहनत करने से सफलता अवश्य हासिल होगी और निश्चित तौर पर प्रदेश के पीएम श्री विद्यालय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि यह वेबिनार सभी पीएम श्री विद्यालयों के लिए सीखने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगी।



**प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी एवं निवेश-अनुकूल बनाने की दिशा में विभिन्न प्रस्तावों पर हुई विस्तृत चर्चा**

## मुख्य सचिव ने सीआरडी फेज-2 के अंतर्गत विभिन्न विभागों में सुधारात्मक प्रस्तावों एवं नियामकीय सुधारों की प्रगति की समीक्षा की

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने मंगलवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में कम्प्लायंस रिडक्शन एंड डी-रेगुलेशन (सीआरडी) फेज-2 के अंतर्गत विभिन्न विभागों में चल रहे सुधारात्मक प्रस्तावों एवं नियामकीय सुधारों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य नागरिकों, किसानों, उद्यमियों एवं निवेशकों के लिए सरकारी प्रक्रियाओं को अधिक सरल, पारदर्शी एवं सुगम बनाते हुए अनावश्यक अनुपालनों एवं नियामकीय जटिलताओं को कम करना है।मुख्य सचिव ने कहा कि कम्प्लायंस रिडक्शन एंड डी-रेगुलेशन (सीआरडी) फेज-2 के अंतर्गत किए जा रहे सुधार राज्य में 'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस' तथा 'ईज़ ऑफ़ लिविंग' को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

## जल जीवन मिशन की प्रत्येक योजना समय पर पूरी हो, इसका हर स्तर पर रखें ध्यान-मुख्य सचिव



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने मंगलवार को शासन सचिवालय में जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिशन के सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने सुजलम भारत आईडी सृजन, हर घर जल रिपोर्टिंग एवं प्रमाणीकरण, जल सेवा आंकलन तथा भौतिक रूप से पूर्ण योजनाओं के वित्तीय समापन में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि नई दिल्ली में 10 जुलाई को राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के साथ हुई समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णयों की समयबद्ध अनुपालना सुनिश्चित की जाए। साथ ही राज्य एपेक्स कमेटी के माध्यम से सभी लंबित प्रस्ताव निर्धारित समय-सीमा में भारत सरकार को भेजे जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि मिशन अवधि के भीतर सभी परियोजनाएं पूर्ण करने की कार्ययोजना पर प्रभावी अमल किया जाए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कुल 1,00,145 करोड़ रुपये की योजनाएं स्वीकृत हैं।

राज्य के 107.74 लाख ग्रामीण परिवारों में से वर्ष 2019 में जहां केवल 11 प्रतिशत परिवारों के पास नल कनेक्शन थे। वहीं अब यह संख्या बढ़कर 63.61 लाख (59 प्रतिशत) हो गई है। मिशन के तहत 51.87 लाख घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। साथ ही 12,095 गांव हर घर जल घोषित तथा 6,138 गांवों का हर घर जल प्रमाणीकरण किया जा चुका है।

समीक्षा के दौरान जल अर्पण कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विशेष चर्चा हुई।



# फलोदी थाने के नए थाना प्रभारी नरेश कुमार निर्वाण ने संभाला कार्यभार, नागरिकों ने किया स्वागत

**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** फलोदी थाना के नव नियुक्त थाना प्रभारी नरेश कुमार निर्वाण ने मंगलवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर थाना परिसर में स्थानीय नागरिकों एवं समाज के प्रतिनिधियों ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर पूर्व पार्षद लीलाधर कन्नौजिया ने साफा पहनाकर निर्वाण का सम्मान किया। वहीं संतोष राठौड़, शांतिलाल कन्नौजिया, अरुण पंवार, चन्द्रशेखर कन्नौजिया, कमल किशोर कन्नौजिया, जितेन्द्र देवड़ा, मोतीलाल सोलंकी, श्याम सोलंकी एवं जसवंत राठौड़ सहित उपस्थित जनों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने विश्वास व्यक्त किया कि नरेश कुमार निर्वाण के कुशल नेतृत्व, ईमानदारी, निष्पक्ष कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठा से फलोदी क्षेत्र में कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। साथ ही पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा तथा लोगों का पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत होगा।

कार्यक्रम का समापन नव नियुक्त थाना प्रभारी को सफल, जनहितकारी एवं गौरवपूर्ण कार्यकाल की शुभकामनाएं देने के साथ हुआ।

# फलोदी जिला मुख्यालय को मिलेगा पहला कन्वेंशन सेंटर, 6.65 करोड़ रुपये के निर्माण कार्य का टेंडर जारी

**नगरपरिषद ने ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर जारी किया टेंडर, एक वर्ष में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य**




**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** फलोदी जिला मुख्यालय को जल्द ही अपना पहला आधुनिक कन्वेंशन सेंटर मिलने जा रहा है। नगरपरिषद फलोदी ने राजस्थान सरकार के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर 6 करोड़ 65 लाख रुपये की अनुमानित लागत से कन्वेंशन सेंटर निर्माण का टेंडर जारी कर दिया है। यह परियोजना शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

ई-टेंडर दस्तावेजों के अनुसार निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 6.65 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है तथा कार्य पूरा करने के लिए 365 दिनों की अवधि तय की गई है। टेंडर प्रक्रिया के तहत निविदाएं 3 अगस्त 2026 तक आमंत्रित की गई हैं, जबकि उसी दिन दोपहर बाद निविदाएं खोली जाएंगी।

कन्वेंशन सेंटर के निर्माण के बाद फलोदी में बड़े सरकारी कार्यक्रमों, प्रशासनिक बैठकों, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों, सेमिनार, प्रदर्शनी और अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्थायी परिसर उपलब्ध होगा। वर्तमान में ऐसे आयोजनों के लिए उपयुक्त और बड़े सभागार का अभाव महसूस किया जाता रहा है।

उल्लेखनीय है कि फलोदी में आधुनिक सभागारों के विकास की दिशा में यह दूसरा बड़ा कदम होगा। इससे पहले भामाशाह हेमचंद-जयनारायण गुचिया ने अपने ट्रस्ट के माध्यम से जयनारायण मोहनलाल पुरोहित राजकीय पीजी महाविद्यालय, फलोदी परिसर में करीब 8 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण करवाया है। इस ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और इसके शीघ्र पूर्ण होने की संभावना है। इसके शुरू होने से शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयोजनों के लिए जिले को एक आधुनिक सुविधा उपलब्ध होगी।

# मोदी सरकार के विज़न और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र में तेज़ी से हो रहा विस्तार : राजपुरोहित



**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के विज़न को राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेश प्रवक्ता एवं मीडिया पैनलिस्ट रेवंत सिंह राजपुरोहित ने कहा कि प्रदेश में सहकारिता अब केवल समितियों तक सीमित न रहकर किसानों, महिलाओं, युवाओं, वाहन चालकों और ग्रामीण परिवारों की आर्थिक उन्नति का सशक्त माध्यम बन चुकी है। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में राजस्थान आज देश के अग्रणी राज्यों में अपनी अलग पहचान बना रहा है।

उन्होंने बताया कि विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत प्रदेश में आधुनिक गोदामों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने और उचित समय पर बेहतर मूल्य पर बेचने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही ई-पैक्स और एम-पैक्स के माध्यम से प्राथमिक कृषि साख समितियों का तेजी से डिजिटलीकरण किया गया है, जिससे किसानों को ऋण, बीज, उर्वरक और विभिन्न सरकारी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो रही हैं।

राजपुरोहित ने कहा कि प्रदेश में 42 हजार से अधिक सहकारी समितियां किसानों, दुग्ध उत्पादकों, मत्स्य पालकों और ग्रामीण उद्यमियों को जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दे रही हैं। वहीं सहकारिता आधारित 'भारत टैक्सी' पहल से हजारों वाहन चालक डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़कर अधिक आय और पारदर्शी व्यवस्था का लाभ उठा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों, डेयरी और लघु उद्योगों को बढ़ावा देकर ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इससे महिला सशक्तिकरण को नई गति मिली है और गांवों में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़े हैं।

रेवंत सिंह राजपुरोहित ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के बाद देशभर में सहकारिता क्षेत्र में व्यापक सुधार हुए हैं। राजस्थान सरकार ने इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए किसानों को बेहतर सुविधाएं, डिजिटल पारदर्शिता, आधुनिक कृषि अवसंरचना और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सहकारिता के माध्यम से विकास, आत्मनिर्भरता और समृद्धि की नई इबारत लिख रहा है, जिसका लाभ किसान, महिलाएं, युवा और आमजन को समान रूप से मिल रहा है।

## डेढ़ा शिविर मे एक ही छत के नीचे हुआ ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण, मिली राहत

**जैसलमेर।** ग्राम पंचायम डेढ़ा मे आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ग्रामीणजनों के लिए उपयोगी साबित हुआ एवं एक ही छत के नीचे विभिन्न विभागो द्वारा ग्रामीणों की समस्याओ का निस्तारण कर उन्हे राहत दी गई। तहसीलदार सम कालुराम के निर्देशन मे आयोजित शिविर के दौरान प्रशासक डेढ़ा भगवान सिंह सोढ़ा, पशु चिकित्सा अधिकारी राकेश कुमार एवं ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र सिंह के साथ ही ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**आपसी सहमति से हुआ भूमि का बंटवारा-** शिविर मे तहसीलदार कालुराम ने धनाराम, बागूराम, रायधनराम व लालुराम पुत्र भंवराराम तथा नखताराम व रतनाराम पुत्र अमोलखराम के मध्य सामलाती भूमि का आपसी सहमति से बंटवारा कर उन्हें असली भूमि का मालिकाना हक प्रदान किया एवं बंटवारा सहमति पत्र के साथ ही नवीन जमाबंदी की प्रति प्रदान की। इस कार्य मे भू-अभिलेख निरीक्षक चंद्रवीर सिंह एव पटवारी ज्ञान प्रकाश का पूरा सहयोग रहा।

## कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बनने पर सरगरा का भव्य स्वागत, संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प




**सिवाना (हुक्मनामा समाचार)।** कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर मोहनलाल सरगरा की नियुक्ति के उपलक्ष्य में सिवाना स्थित कांग्रेस प्रधान कार्यालय में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण और साफा पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यालय में उत्साह का माहौल रहा।

अपने संबोधन में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मोहनलाल सरगरा ने कहा कि वे बचपन से ही कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े रहे हैं। पार्टी नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षक प्रकोष्ठ को अधिक सक्रिय और मजबूत बनाकर संगठन की नीतियों एवं जनहितकारी योजनाओं को प्रत्येक शिक्षक और आमजन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

कांग्रेस के जिला सचिव जाकिर हुसैन बेलिम ने सरगरा को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा सदैव सामाजिक न्याय, शिक्षा, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों की पक्षधर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरगरा के नेतृत्व में शिक्षक प्रकोष्ठ नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा तथा संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। समारोह में नगर अध्यक्ष चंदन सिंह राजपुरोहित, जिला सचिव सुरेश कुमार सांखला, भीमगोड़ा सरपंच उमेश सरगरा, लालाराम मेघवाल, पीर खां, रमेश सांखला, फिरोज खां पठान, विरमाराम मेघवाल, शायरमल हरिजन, राजेंद्र सरगरा, बकसू खां, मादाराम सरगरा, भरत सरगरा, सांवलराम सरगरा, भंवरलाल जीनगर, ललित ओझा, आंबाराम सरगरा, दिलावर, मंगलाराम हरिजन, प्रभु सरगरा, गुमानाराम सरगरा, खुशाल, हरीश सरगरा,सखाराम भागवा, सांवलराम कुशीप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित**

# राजस्थान संपर्क पोर्टल, पीएम स्वनिधि, राइजिंग राजस्थान और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

**अधिकारियों को समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश**




**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं के लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा आमजन से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करे तथा निर्धारित समय सीमा में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने पात्र रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को अधिकाधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निकायों एवं संबंधित विभागों को पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें योजना से जोड़ने तथा ऋण वितरण एवं पुनर्भुगतान की प्रगति में तेजी लाने को कहा।

उन्होंने योजना के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने राइजिंग राजस्थान के तहत जिले में प्राप्त निवेश प्रस्तावों एवं औद्योगिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को निवेशकों के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निवेशकों को आवश्यक विभागीय स्वीकृतियां समय पर उपलब्ध कराई जाए ताकि जिले में औद्योगिक विकास को गति मिल सके और रोजगार के नए अवसर सृजित हों। उन्होने बैठक में पंच गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप सभी गतिविधियों का प्रभावी संचालन किया जाए तथा कार्यक्रम के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने के लिए विभागों के बीच समन्वय बनाए रखा जाए।

# 15 जुलाई से शुरू होगी राजकीय आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया

- सत्र 2026-27 के लिए 23 जुलाई तक होंगे ऑनलाइन आवेदन
- राजकीय आईटीआई में बेटियों को मिलेगा निशुल्क प्रशिक्षण

**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश के सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 15 जुलाई से प्रारंभ होगी। प्राविधिक शिक्षा निदेशालय द्वारा प्रवेश का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 15 जुलाई से 23 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सहायक निदेशक ने बताया कि अभ्यर्थी राजस्थान सरकार के एकीकृत पोर्टल, ई-मित्र कियोस्क अथवा स्वयं की एसएसओ आईडी के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। केंद्रीकृत ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के तहत प्राप्त आवेदनों के आधार पर 24 जुलाई 2026 को प्रथम मेरिट सूची जारी की जाएगी। सीट आवंटन के बाद चयनित अभ्यर्थियों को अपने आवेदन पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज संबंधित आईटीआई संस्थान में 30 जुलाई से 3 अगस्त 2026 शाम 5 बजे तक जमा कराने होंगे।

उन्होने बताया कि प्रथम चरण के बाद रिक्त सीटों के लिए 5 अगस्त 2026 को दूसरी अलॉटमेंट सूची जारी की जाएगी। इसके बाद सभी राजकीय आईटीआई में 10 अगस्त 2026 से नियमित प्रशिक्षण प्रारंभ हो जाएगा।

प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की 1 सितंबर 2026 को न्यूनतम आयु 14 वर्ष होना अनिवार्य है। विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश संबंधित पात्रता एवं अन्य नियम निदेशालय द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार लागू होंगे।



## पीपाड़ शहर की लाखा बावड़ी में दुसरी बार स्वच्छता अभियान मीरां तैराकी संघ द्वारा किया गया

**पीपाड़ शहर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर कि ऐतिहासिक लाखा बावड़ी में पूर्व चेयरमैन एडवोकेट महेंद्र सिंह कच्छावाहा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का आयोजन मीरा तैराकी संघ के राजकुमार सोलंकी द्वारा किया गया। अभियान के दौरान बावड़ी परिसर की साफ-सफाई की गई तथा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले तैराकी शिविर की विशेष तैयारियों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों ने स्वच्छता का संदेश देते हुए नागरिकों से भी सार्वजनिक जल स्रोतों एवं ऐतिहासिक धरोहरों को स्वच्छ बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य कच्छावाहा मंडल महामंत्री देवाराम जांगिड़,पार्षद रामकिशोर टाक,रंगराज सोलंकी,ललित सोनी, दिनेश चौहान दर्जी,जमादार मोतीलाल, सफ़ाई कर्मी ज्ञानचंद, गोविंद,आनन्द,रवि,तेजराज सोलंकी, घीसूलाल दर्जी,हेमराज सोलंकी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

*आमजन को भ्रष्टाचार के विरूद्ध अधिकाधिक जागरूक करने उद्देश्य से 12 से 18 जुलाई तक चलाया जा रहा है विशेष जागरूकता अभियान*

## भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों राजस्थान का स्थापना दिवस आज

**जैसलमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के विरूद्ध ''जीरो टोलरेन्स की नीति'' को सुचारू रूप से लागू करने की मंशा के अनुरूप भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसीबी श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों राजस्थान के स्थापना दिवस 15 जुलाई के उपलक्ष्य चलाए जा रहे ''विशेष जागरूकता अभियान'' 12 जुलाई से 18 जुलाई 2026 तक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों द्वारा आमजन को भ्रष्टाचार के विरूद्ध जन जागरुक करने की दृष्टि से विशेष जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत आज बुधवार, 15 जुलाई को कार्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जैसलमेर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों राजस्थान का स्थापना दिवस का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जैसलमेर नरपत चन्द ने आमजन से अपील की हैं कि भ्रष्टाचार के विरूद्ध राज्य सरकार की ''जीरो टोलरेन्स की नीति'' के तहत जैसलमेर जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार कर सभी मुख्य स्थलों पर पोस्टर चश्पा कर दिये गये है। इस अभियान के तहत मूलसागर के साथ ही अन्य प्रमुख स्थलों पर जनजागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गये।

## नमस्ते दिवस' के अवसर पर वेबकास्ट कार्यक्रम एवं सफाई कर्मचारियों को आयुष्मान कार्ड व पीपीई किट का वितरण

**जैसलमेर (हुक्मनामा समाचार)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार 'नमस्ते दिवस' के अवसर पर नगर परिषद् जैसलमेर सभागार में राष्ट्रीय स्तरीय ऑनलाईन कार्यक्रम/वेबकास्ट कार्यक्रम में वेबकास्ट के माध्यम से भाग लिया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद् जैसलमेर के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा वेबकास्ट का सामूहिक अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान सेप्टिक टैंक एवं सीवर सफाई कार्य में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को उनकी सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से आयुष्मान भारत कार्ड एवं पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट पीपीई किट वितरित की गई। इस अवसर पर नगर परिषद् आयुक्त लजपाल सिंह ने सभी सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेप्टिक टैंक एवं सीवर की सफाई का कार्य सदैव निर्धारित सुरक्षा मानकों (Safety Protocols) एवं पूर्ण सुरक्षा उपकरणों (PPE) के साथ ही किया जाए। उन्होंने कर्मचारियों से बिना सुरक्षा उपकरणों के किसी भी स्थिति में सीवर या सेप्टिक टैंक में प्रवेश नहीं करने तथा अपनी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर परिषद् सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

## दो युवकों ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

**जोधपुर।** शहर में दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में युवकों ने फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। संबंधित थाना पुलिस ने कार्रवाई कर शव परिजनों को सुपुर्द किए। बनाड़ थाना पुलिस ने बताया कि मेघवालों का बास निवासी पुखराज पुत्र किशनाराम ने रिपोर्ट दी कि उसके भाई 23 वर्षीय सुखदेव ने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला। पुलिस ने मर्ग की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंपा। इसी तरह लूणी पुलिस के अनुसार गोदारों की ढाणी बाराणी नागौर सदर के रहने वाले मोहनराम पुत्र लिखमाराम जाट ने रिपोर्ट दी कि उसका चचेरा भाई ओमप्रकाश पुत्र दुर्गाराम जाट यहां रोहिचा खुर्द गांव में रहता था। उसने घर में फंदा लगा लिया। लूणी पुलिस ने मर्ग दर्ज किया।

## मारवाड़ में बाछड़ा गिरोह की सक्रियता की आशंका, पुलिस ने जारी किया सुरक्षा अलर्ट

**जोधपुर।** मध्यप्रदेश से जुड़े कुख्यात बाछड़ा गिरोह की जोधपुर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में सक्रियता की आशंका के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। संभावित नकबजनी और चोरी की वारदातों को रोकने के लिए विशेष गश्त शुरू की गई है। साथ ही आमजन से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने की अपील की गई है। पुलिस के अनुसार, बाछड़ा गिरोह बड़ी नकबजनी और चोरी की वारदातों को अंजाम देने के लिए कुख्यात माना जाता है। इसी को देखते हुए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है तथा नागरिकों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियां बरतने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पुलिस ने लोगों से घर छोड़ते समय ताले एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की अच्छी तरह जांच करने, रात्रि के समय अनजान व्यक्तियों पर नजर रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर स्वयं कार्रवाई करने के बजाय तत्काल आपातकालीन सेवा 112 या निकटतम पुलिस थाने को सूचना देने का आग्रह किया है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर अपुष्ट या भ्रामक जानकारी साझा नहीं करने तथा केवल सत्यापित सूचनाओं पर ही भरोसा करने की भी अपील की गई है।